
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com


आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक




PG-8

सिनेमाः-पुष्पा में आइटम डांस के लिए सामंथा का परिवार नहीं था राजी।..................................


वर्ष -09 अंक -31 | प्रयागराज ,बुधवार, 05, अप्रैल, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये


## संक्षिप्त समाचार

### फिनलैंड आज बनेगा नाटो का सदस्य, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को झटका

**ब्रसेल्स।** रूस-यूक्रेन की जंग के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। फिनलैंड मंगलवार को आधिकारिक तौर पर उत्तर अटलांटिक संधि संगठन 'नाटो' में शामिल होने जा रहा है। बता दें कि फिनलैंड इस सैन्य गठबंधन का 31वां सदस्य बनेगा। यह खबर रूस के लिए झटके की तरह है। रूस ने फिनलैंड को चेतावनी दी है कि अगर नाटो अपने 31वें सदस्य राष्ट्र के क्षेत्र में अतिरिक्त सैनिक या उपकरण तैनात करेगा तो वह फिनलैंड की सीमा के पास अपनी रक्षा प्रणाली को मजबूत करेगा। नाटो के ब्रसेल्स स्थित मुख्यालय के बाहर अन्य सदस्य देशों के ध्वज के साथ फिनलैंड का नीले और सफेद रंग का झंडा लहराएगा। इस दौरान फिनलैंड के राष्ट्रपति, विदेश मंत्री और रक्षा मंत्री कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। यह समारोह नाटो की 74वीं वर्षगांठ के दिन आयोजित किया जा रहा है। 4 अप्रैल, 1949 को नाटो की स्थापना के लिए वाशिंगटन संधि पर हस्ताक्षर हुए थे। बता दें कि गठबंधन के विदेश मंत्रियों की बैठक भी इसी दिन होगी। फिनलैंड के नाटो में शामिल होने वाले आग्रह को मंजूरी देने वाला तुर्किये अंतिम देश है। वह समारोह से पहले अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को अपने निर्णय का आधिकारिक दस्तावेज सौंपेगा। इसके बाद फिनलैंड अपनी सदस्यता को आधिकारिक रूप देने के लिए ब्लिंकन को अपने अंतिम दस्तावेज सौंपेगा। पिछले साल यूक्रेन पर रूस के हमले से चिंतित फिनलैंड ने मई 2022 में नाटो में शामिल होने के लिए आवेदन किया था। बता दें कि फिनलैंड, रूस के साथ 1,340 किलोमीटर (832 मील) की सीमा साझा करता है, इसलिए इसका प्रवेश रूस के साथ नाटो की सीमा के आकार के दोगुने से भी अधिक होगा। यह कदम रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए एक रणनीतिक और राजनीतिक झटका है, जिन्होंने लंबे समय से रूस की ओर नाटो के विस्तार की शिकायत की है।

## सिक्किम में नाथुला के पास हिमस्खलन, 6 पर्यटकों की मौत; 80 से ज्यादा के फंसे होने की आशंका

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** सिक्किम के नाथुला इलाके में मंगलवार को हुए हिमस्खलन में छह पर्यटकों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। वहीं, करीब 80 पर्यटकों के अंदर फंसे होने की आशंका है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बता दें कि घायलों को राज्य की राजधानी गंगटोक के अस्पताल में लाया जा रहा है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बचाव और निकासी अभियान जारी है। मालूम हो कि नाथुला पास चीन की सीमा पर स्थित है और अपनी प्राकृतिक सुंदरता के कारण एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। जानकारी के अनुसार, नाथुला इलाके में मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजकर 20 मिनट पर हिमस्खलन हुआ। घटना के बाद, छह लोगों ने नजदीकी सैन्य अस्पताल में दम तोड़ दिया। मरने वालों में चार पुरुष, एक महिला और एक बच्चा शामिल है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि गंगटोक को नाथुला से जोड़ने वाले जवाहरलाल नेहरू रोड पर हिमस्खलन हुआ है। पुलिस के अनुसार, 150 से अधिक पर्यटक अभी भी घटनास्थल से आगे फंसे हुए हैं। इस बीच, बर्फ में फंसे 30 पर्यटकों को बचा लिया गया है और उन्हें गंगटोक के एसटीएनएम अस्पताल और सेंट्रल रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, फिलहाल सिक्किम पुलिस, सिक्किम के ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन, पर्यटन विभाग के अधिकारियों और वाहन चालकों द्वारा बचाव अभियान चलाया जा रहा है। चेकपोस्ट के महानिरीक्षक सोनम तेनजिंग भूटिया के अनुसार, ठपास केवल 13वें मील के लिए जारी किए जाते हैं, लेकिन पर्यटक बिना अनुमति के 15वें मील की ओर जा रहे हैं।



## खेत में रखी 50 क्विंटल लाल मिर्च में अज्ञात लोगों ने लगाई आग, 15 लाख रुपए थी कीमत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**आंध्र प्रदेश।** आंध्र प्रदेश के एनटीआर जिले में अज्ञात लोगों ने एक किसान के 50 क्विंटल लाल मिर्च में आग लगा दी है। पीड़िता किसान के अनुसार, जली हुई मिर्च की कीमत करीब 15 लाख रुपए थी। किसान ने प्रशासन से घटना की जांच की मांग की है। दरअसल, आंध्र प्रदेश के एनटीआर जिले में एक खेत में 50 क्विंटल लाल मिर्च रखी हुई थी। इसी दौरान किसी अज्ञात ने 50 क्विंटल लाल मिर्च को आग के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने 50 क्विंटल लाल मिर्च में लगी आग को पानी डालकर बुझाया। इस दौरान किसान ने पुलिस से घटना की जांच की मांग की। जिसके बाद अधिकारियों ने पीड़ित किसान को हर संभव कार्रवाई का भी आश्वासन दिया।



## मोदी के समर्थन में उतरे एनसीपी नेता अजित पवार, कहा- वास्तविक मुद्दों पर करें सवाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता अजीत पवार ने कहा है कि मंत्रियों की डिग्री पर सवाल उठाना सही नहीं है और लोगों को इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि एक नेता ने अपने कार्यकाल में क्या हासिल किया है। प्रधानमंत्री मोदी की शैक्षिक योग्यता के बारे में रविवार को जनसभा को संबोधित करते हुए अजीत पवार ने कहा, 'साल 2014 में क्या जनता ने प्रधानमंत्री मोदी को उनकी डिग्री के आधार पर वोट दिया था उन्होंने कहा, 'अब वह नौ साल से देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उनकी डिग्री के बारे में पूछना उचित नहीं है। हमें उनसे महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर सवाल करना चाहिए। मंत्री की डिग्री कोई महत्वपूर्ण मुद्दा नहीं है।' उन्होंने आगे पूछा, 'अगर हमें उनकी डिग्री पर स्पष्टता मिलती है तो क्या महंगाई कम होगा क्या उनकी डिग्री की स्थिति जानने के बाद लोगों को नौकरी मिलेगी इससे पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी को अपने कॉलेज की डिग्रियों को जनता के बीच रखना चाहिए। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी ट्वीट में कहा, 'क्या देश को यह जानने का भी अधिकार नहीं है कि उनके पीएम ने कितनी पढ़ाई की है उन्होंने अदालत में अपनी डिग्री दिखाने का कड़ा विरोध किया। क्यों और जो अपनी डिग्री देखने की मांग करेंगे उन पर जुर्माना लगाया जाएगा यह क्या हो रहा है अनपढ़ या कम पढ़ा-लिखा पीएम देश के लिए बहुत खतरनाक है।'



## कांग्रेस में सीएम पद पर रार, शिवकुमार के साथ चल रही मनमुटाव की खबरों पर सिद्धारमैया ने कही ये बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**


**बेंगलुरु।** आगामी कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी में मुख्यमंत्री पद को लेकर खींचतान देखने को मिल रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता सिद्धारमैया ने लंबे समय से रहे प्रतिद्वंद्वी और राज्य पार्टी प्रमुख डीके शिवकुमार के खिलाफ अपनी टिप्पणियों को स्पष्ट किया है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव को देखते हुए उन्होंने यह स्वीकारा है कि वह और शिवकुमार दोनों शीर्ष पद के दावेदार हैं। कांग्रेस नेता सिद्धारमैया ने एक मीडिया चैनल द्वारा दिखाए जा रहे दावों पर अपना बयान दिया। उन्होंने कहा, 'मीडिया में जो बताया जा रहा है वह पूरी तरह से झूठ है। मैंने केवल इतना कहा कि मुख्यमंत्री का चयन एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। मैं मुख्यमंत्री का दावेदार हूं और डीके शिवकुमार भी सीएम के दावेदार हैं, लेकिन जो मीडिया कह रही हैं वह गलत है।' बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2023 में 8वीं बार चुनावी राज्य कर्नाटक का दौरा करने जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य विधानसभा चुनावों से पहले कोई कसर नहीं छोड़ रही है। टाइगर प्रोजेक्ट के 50 साल पूरे होने पर एक कार्यक्रम का उद्घाटन करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी 9 अप्रैल को कर्नाटक जाएंगे। पीएम मोदी के दौरे पर सिद्धारमैया ने सवाल उठाया। उन्होंने कहा है कि सरकारी कार्यक्रम के लिए पीएम कर्नाटक कैसे जा सकते हैं? क्या चुनाव आयोग ने इस कार्यक्रम की अनुमति दी है? अगर चुनाव आयोग ने इस कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी है, तो यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।



## 40 से अधिक देश ण्ँध् का बने हिस्सा, महत्वपूर्ण मंच बनता जा रहा यह सम्मेलनः पीएम मोदी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे पर आयोजित अंतराराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि निकट से जुड़े विश्व में आपदाओं का प्रभाव केवल स्थानीय नहीं होगा। एक क्षेत्र में आपदा का पूरी तरह से अलग क्षेत्र पर बड़ा प्रभाव हो सकता है। इसलिए हमारी प्रतिक्रिया एकीकृत होनी चाहिए न कि अलग-थलग। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ ही वर्षों में 40 से अधिक देश सीडीआरआई का हिस्सा बन गए हैं। इस प्रकार यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण मंच बनता जा रहा है। उन्नत अर्थव्यवस्थाएं और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं, छोटे देश और बड़े देश, वैश्विक उत्तर और वैश्विक दक्षिण इस मंच पर एक साथ आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह भी उत्साहजनक है कि सिर्फ सरकारें ही इसमें शामिल नहीं हैं, बल्कि वैश्विक संस्थाएं और निजी क्षेत्र भी बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के सम्मेलन का विषय 'डिलीवरिंग रेजिलिएंट एंड इनक्लूसिव इन्फ्रास्ट्रक्चर' है। विशेष रूप से, बुनियादी ढांचा न केवल रिटर्न के बारे में है, बल्कि रीच और रेजिलिएंस के बारे में भी है। इन्फ्रास्ट्रक्चर को किसी को भी पीछे नहीं छोड़ना चाहिए और संकट के समय में भी लोगों की सेवा करनी चाहिए। सोशल और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर जितना ही महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले साल ही, इंफ्रास्ट्रक्चरल रेजिलिएशन एक्सेलेरेटर फंड की घोषणा की गई थी। 50 मिलियन डॉलर के इस कोष ने विकासशील देशों के बीच अत्यधिक रुचि पैदा की है। इस वर्ष भारत अपने उ20 प्रेसीडेंसी के माध्यम से दुनिया को एक साथ ला रहा है और उ20 के अध्यक्ष के रूप में हमने ण्ँध् को कई कार्यकारी समूहों में शामिल किया है।



## अफगानिस्तान में तालिबान बलों ने रात भर की छापेमारी

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान के उत्तरी बल्ख प्रांत में तालिबान बलों की रात भर की गई छापेमारी में चरमपंथी इस्लामिक स्टेट समूह के छह सदस्य मारे गए। तालिबान के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। खुरासान प्रांत में इस्लामिक स्टेट, आईएस समूह का क्षेत्रीय सहयोगी है और अगस्त 2021 से तालिबान का मुख्य प्रतिद्वंद्वी रहा है। आतंकवादी समूह ने तालिबान के गश्ती दल और अफगानिस्तान के शिया अल्पसंख्यकों के सदस्यों को निशाना बनाते हुए अपने हमले बढ़ा दिए हैं। बल्ख में पुलिस प्रमुख के प्रवक्ता मोहम्मद आसिफ वजीरी के अनुसार, अभियान में सोमवार देर रात नाहरी शाही जिले में आईएस के एक ठिकाने को निशाना बनाया गया और आतंकवादी समूह के छह सदस्य मारे गए। अगस्त 2021 में अफ़गानिस्तान तालिबान बलों द्वारा कब्जा किया गया था क्योंकि 20 साल के संघर्ष के बाद अमेरिका और नाटो सेना पीछे हट गई थी।मार्च में, इस्लामिक स्टेट समूह के एक सदस्य ने एक आत्मघाती बम विस्फोट किया जिसमें बल्ख के लिए तालिबान के नियुक्त गवर्नर दाउद मुजमल सहित तीन लोग मारे गए। मुजमल अगस्त 2021 के मध्य में सत्ता संभालने के बाद से मारे गए सबसे वरिष्ठ तालिबान अधिकारियों में से एक है।



## अमेरिका और कनाडा समेत 14 देशों में छिपे हैं भारत के 28 वांछित गैंगस्टर, केंद्र सरकार ने तैयार की लिस्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारत के 28 वांछित गैंगस्टर 14 विभिन्न देशों में छिपकर भारत विरोधी गतिविधियों में लगे हैं। केंद्र ने भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचने वाले इन वांछित गैंगस्टरों की सूची तैयार की है। सूत्रों ने बताया कि इनमें से नौ कनाडा में और पांच अमेरिका में छिपे हैं। इनके खिलाफ हत्या, जबरन वसूली और अपहरण के मामले दर्ज किए गए हैं। इन गैंगस्टरों में मशहूर पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मास्टरमाइंड सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ शामिल है। गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई उर्फ भानु अमेरिका में छिपा है। सूत्रों के मुताबिक, उस पर आतंकी हमला करने और फिल्म व व्यवसाय जगत की प्रमुख हस्तियों की हत्या करने का आरोप है। कनाडा में छिपे नौ वांछित गैंगस्टरों में सुखदूल सिंह उर्फ सुखा दुनेके, गुरपिंदर सिंह उर्फ बाबा दल्ला, सतवीर सिंह वारिंग उर्फ सैम, स्नोवर ढिल्लों, लखबीर सिंह उर्फ लांडा, अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श दाला, चरणजीत सिंह उर्फ रिंकू बिहला, रमनदीप सिंह उर्फ रमन जज व गगनदीप सिंह उर्फ गगना हथुर शामिल है। अमेरिका मे छिपे 5 गैंगस्टर अमेरिका में पांच गैंगस्टर सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़, अनमोल बिश्नोई, हरजोत सिंह गिल, दरमनजीत सिंह उर्फ दरमन खलों और अमृत बल छिपा बैठा है। विक्रमजीत सिंह बराड़ उर्फ विक्की और कुलदीप सिंह उर्फ नवांशहरिया संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में छिपा हुआ है। अन्य देशों में छिपे गैंगस्टर रोहित गोदारा यूरोप में, गौरव पटयाल उर्फ लकी पटयाल अर्मेनिया में, सचिन थापन उर्फ सचिन बिश्नोई अजरबैजान में, जगजीत सिंह उर्फ गांधी और जैकपाल सिंह उर्फ लाली धालीवाल मलेशिया में छिपा बैठा है। इसके अलावा हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा पाकिस्तान में, राजेश कुमार उर्फ सोनू खत्री ब्राजील में, संदीप ग्रेवाल उर्फ बिल्ला इंडोनेशिया में, मनप्रीत सिंह उर्फ पीटा फिलीपींस में, सुप्रीत सिंह उर्फ हैरी चट्ठा जर्मनी में, गुरजंत सिंह उर्फ जनता आस्ट्रेलिया में, रमनजीत सिंह उर्फ रोमी हांगकांग में है।



## हमेशा राजनेता की तरह पीएम मोदी ने किया व्यवहार, कभी नहीं की बदले की राजनीतिः गुलाम नबी आजाद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** पूर्व राज्यसभा सांसद और डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी के प्रमुख गुलाम नबी आजाद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने पीएम मोदी को उदार बताया है। वहीं, कांग्रेस के जी-23 नेताओं के भाजपा के करीबी होने के आरोप का उन्होंने खंडन कर दिया। एएनआई से बातचीत में गुलाम नबी आजाद ने कहा, ''मैंने उनके साथ जो किया, उसके लिए मुझे मोदी को श्रेय देना चाहिए। वह बहुत उदार हैं। विपक्ष के नेता के रूप में मैंने उन्हें किसी भी मुद्दे पर नहीं बख्शा, चाहे वह धारा 370 हो या सीएए या हिजाब। आजाद ने कहा, ''उनके कुछ बिल मैने पूरी तरह फेल कर दिए, लेकिन मुझे उन्हें श्रेय देना चाहिए कि उन्होंने एक राजनेता की तरह व्यवहार किया, उसका बदला नहीं लिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने इस आरोप पर कि वह और जी-23 के नेता भाजपा के करीबी हैं, कहा कि ऐसा कहने वाले मूर्ख है। अगर उ23 भाजपा का प्रवक्ता था तो उसे कांग्रेस ने सांसद क्यों बनाया? उन्हें सांसद, महासचिव और पदाधिकारी क्यों बनाया है? मैं अकेला हूं जिसने पार्टी बनाई है। बाकी लोग अभी वहीं हैं। यह दुर्भावनापूर्ण, अपरिपक्व और बचकाना आरोप है। बता दें, गुलाम नबी आजाद ने 26 अगस्त 2022 को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने सोनिया गांधी को पांच पन्नों का इस्तीफा भेजा था। अपने पत्र में उन्होंने कहा था कि राहुल गांधी को भारत जोड़ो यात्रा की जगह कांग्रेस जोड़ो यात्रा निकालनी चाहिए।



# प्रतापगढ़ स्थित सई नदी के किनारे पर तिहासिक बेल्हा माई का मंदिर है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** जिले के अधिकांश भू-भाग से होकर बहने वाली सई नदी के तट पर नगर की अधिष्ठात्री देवी जान दे दी। जब शिव जी सती का शव लेकर चले तोविष्णु जी ने चक्र चलाकर उसे खंडित कर दिया था। जहां-जहां सती के शरीर काजो



मां बेल्हा देवी का यह मंदिर स्थित है। सई नदी के तट पर माँ बेल्हा देवी का भव्य मंदिर होने के कारण जिले को बेला अथवा बेल्हा के नाम से भी जाना जाता है। मंदिर की स्थापना को लेकर पुराणों में कहा गया है कि राजा दक्ष द्वारा कराएजा रहे यज्ञ में सती बगैर बुलाए पहुंच गईं थीं। वहां शिव जी को न देखकरसती ने हवन कुंड में कूदकर अंग गिरा, वहां देवी मंदिरों की स्थापना कर दी गई। यहां सती का बेला का (कमर) भाग गिरा था। भगवान राम जब वनवास (निर्वासन) के लिए जा रहे थे तब सई नदी के किनारे पर उन्होंने मंदिर में माँ बेल्हा देवी जी का पूजन अर्चन किया था। माता रानी के समक्ष सच्चे मनसे मांगी गई हर मुराद जरूर पूरी होती है।

# उमेश पाल हत्याकांड में गिरफ्तार 5 आरोपियों की कस्टडी रिमांड मंजूर, अतीक के खिलाफ वारंट तामील करने साबरमती जेल गई पुलिस



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) ने सोमवार को उमेश पाल अपहरण मामले में गिरफ्तार किए गए पांच लोगों को पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है। उमेश पाल हत्याकांड में गिरफ्तार अरशद कटरा, नियाज़ अहमद, मोहम्मद सजर, कैश अहमद और राकेश कुमार की 24 घंटे की पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर हुई है। इसके अलावा, अतीक के खिलाफ पिछले साल दर्ज जबरन वसूली के मामले में जारी वारंट तामील कराने के लिए एक पुलिस दल गुजरात की साबरमती जेल गया है। दरअसल पिछले साल उमेश पाल ने तहरीर दी थी कि अतीक गैंग से जुड़े कुछ अपराधी अतीक के नाम पर एक करोड़ की रंगदारी देने का दबाव बना रहे हैं। पैसा न देने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। इसी बीच उमेश पाल को मौत के घाट उतार दिया गया।

# अतीक के जीजा को कोर्ट ने 14 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** माफिया अतीकअहमद के साथ मिलकर उमेशपाल हत्याकांड की साजिश रचने वाले उसके बहनोई डा. अखलाक के घर पर बमबाज गुड्डू और असद के छिपने के प्रमाण मिले हैं। शनिवार को अखलाक को लखनऊ एसटीएफ की टीम ने गिरफ्तार किया था। आज सोमवार को प्रयागराज कोर्ट ने अखलाक को 14 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। एसटीएफ को प्रमाण मिले हैं कि अखलाक ने बमबाज गुड्डू और अतीक के बेटे असद को घटना के बाद घर में संरक्षण दिया था। उन्हें आर्थिक मदद भी पहुंचाई। घर के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज में बमबाज गुड्डू और असद के आने और जाने के प्रमाण मिले हैं। एसटीएफ की टीम सीसीटीवी की डीवीआर साथ ले गई है। अब अखलाक को रिमांड पर लेने के बाद पुलिस अखलाक से पूछताछ करेगी।



# प्रयागराज के नैनी, बरेली और बांदा जेल के जेल अधीक्षक निलंबित; अतीक, अशरफ को वीआईपी सुविधाएं देने के आरोप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** शासन ने मंगलवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए नैनी सेंट्रल जेल, बरेली जिला जेल और बांदा जेल के अधीक्षकों को निलंबित कर दिया है। तीनों पर जेल में बंद रिपोर्ट पर मंगलवार को शासन ने बरेली जेल राजीव शुक्ला पर कार्रवाई की है। जेल अधीक्षक से पहले जेलर और डिप्टी जेलर भी निलंबित किए जा चुके हैं। दो जेल वार्डर समेत कई लोगों को जेल भेजा



पूर्व विधायक माफिया अशरफ और अतीक अहमद को वीआईपी सुविधाएं मुहैया कराने के आरोप हैं। बरेली जेल में बंद खालिद अजीम उर्फ अशरफ को मुलाकातियों से मिलने का ज्यादा समय समेत अन्य सुविधाएं देने के आरोप में जेल अधीक्षक राजीव शुक्ला को निलंबित कर दिया है। प्रभारी डीआईजी जेल आरएन पांडेय की जा चुका है। वहीं नैनी सेंट्रल जेल के अधीक्षक को भी निलंबित किया गया है। यहां अतीक अहमद बंद था और कल ही यहां छापा मारने के बाद यह कार्यवाही की गई। बता दें की प्रयागराज के उमेश पाल हत्याकांड के बाद सामने आया था कि जेल में बंद माफिया की गैरकानूनी तरीके से मुलाकात कराई जाती थी।

# गली-गली गूंजा जय घोष 'जियो और जीने दो'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती सोमवार को धूमधाम से मनाई गई। जीरारोड स्थित दिगम्बर जैन मंदिर जानसेनगंज, हीवेटरोड होते हुए जैन मंदिर पर आकर समाप्त हुई। जगह जगह पर शोभायात्रा का लोगों ने स्वागत भी किया। इस दौरान महावीर जंयती के अवसर पर



से सुबह प्रभातफेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी में जैन समुदाय के लोग ध्वजारोहण लिए हाथी-घोड़े, बैण्डबाजे के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। यात्रा चौक, बहादुरगंज, बजाजा पट्टी, शोभायात्रा में महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी भी शामिल हुईं। शोभायात्रा में महिलाएं, पुरूष और बच्चे गीत गाते हुए महावीर के संदेश जियो और जीने दो, शाकाहार अपनाओ, के नारे लगा रहे थे।

# नैनीजेल में अतीक़ के गुर्गों पर सख्ती अलग-अलग बैरकों में किया गया शिफ्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** माफिया अतीकञअहमद के गुर्गों पर नैनी जेल प्रशासन द्वारा सख्ती बढ़ा दी गई है। अतीक के गुर्गो को चिह्नित कर उन्हें अलग-अलग बैरकों में शिफ्ट किया जा रहा है। गुर्गों पर के जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसी के साथ ही पुराने बंदी रक्षकों को रोक लगाई गई है। शासन द्वारा लगातार निगरानी होने के कारण जेल प्रशासन काफी सर्तक हो गया है। माफिया अतीक के बेटे अली अहमद, मुख्तार के




निगरानी क्ष्सीसीटीवी कैमरे के साथ ही बंदी रक्षकों को भी लगाया गया है। जेल प्रशासन के साथ ही शासन स्तर पर अधिकारी भी इनकी गतिविधियों पर निगाह रखे हुए हैं।उमेश पाल हत्याकांड के बाद भी शासन अतीक अहमद गैंग को लेकर काफी सख्त रुख अपनाए हुए है। केंद्रीय कारागार नैनी के साथ बरेली जेल के साथ जहां-जहां गैंग के सदस्य है वहां पर लगातार छापेमारी सहित अन्य कार्रवाई की जा रही है। जेल प्रशासन जेल के अंदर बंद अतीक के गुर्गों की बैरकों पर लंबरदारों साले आतिफ रजा, सदाकत अली, दिनेश पासी, खान सौलत हनीफ, अरशद कटरा, नियाज अहमद, मोहम्मद सजर, कैश अहमद, राकेश कुमार, फैज अहमद, अकबर, फुरकान सहित अन्य की बैरक की सुबह शाम तलाशी की जा रही है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक के साथ ही जेल अधिकारी भी इनकी बैरकों की तलाशी कर रहे है। वहीं इनकी बैरकों में लगे सीसीटीवी कैमरे की निगरानी के लिए बंदी रक्षकों को लगाया गया है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।**हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज में सप्तदिवसीय शिविर का समापन माँ सरस्वती के अर्चन-नन्दन से प्रारंभ हुआ।सर्व प्रथम आये हुए अतिथियों ने माँ सरस्वती के ऊपर माल्यार्पण किया,तदुपरांत प्रोफेसर डॉ0शैलेन्द्र कुमार मिश्र प्राचार्य हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज ने सभी मुख्य अतिथियों,पत्रकार बंधुओं, समाजसेवियों,का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की राष्ट्र निर्माण में क्या भूमिका है पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विगत दो वर्षों में शिविर की जो भूमिका रही है उसको भुलाया नहीं जा सकता।उन्होंने कहा कि शिविर का कार्य एवं व्यवहार देश व समाज के लिए सराहनीय रहा है।मुख्य अतिथि के रूप पधारे डॉ0अरविंद कुमार गुप्ता अधीक्षक समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज प्रतापगढ़ ने अपने उद्द्बोधन मे कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक को जहाँ जीवन जीने की कला सिखाती है,वहीं उनका चतुर्दिक विकास भी करती है। अध्यक्षता कर रहे डॉ0वीरेंद्र कुमार मिश्र ने अपने उद्द्बोधन मे कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना आज की बड़ी मांग हैं, जिससे स्वयंसेवक स्वयं से लेकर समाज को एक नई दिशा दिखाने में सर्वोत्तम भूमिका का निर्वाह कर रहा है।स्वयंसेवकों को बहुआयामी व्यक्तित्व प्रदान करने की प्रेरणा दी।विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ0राम शिरोमणि त्रिपाठी उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी अमेठी ने कहा कि स्वयंसेवक बनना आसान नही है,सेवा करना बड़ा कठिन काम है।इसलिये सेवक बन कर रहना है।समाज को एक नई दिशा स्वयंसेवक को दिखानी होगी।कार्यक्रम में कई विद्वानों ने अपने ज्ञान स्रोत से स्वयंसेवक को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।इसी क्रम में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता के छात्र- छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र मुख्य अतिथियों के हाथों दिए गए।मेडल पाकर शिक्षार्थी आह्लादित हुए।डॉ0निशान्त पांडे,डॉ0 वाचस्पति डॉ0शिवकुमार,डॉ0अभिषेक पांडे,डॉ0संतोष मिश्र,डॉ0गंगाधर मिश्र,डॉ0श्याम नारायण तिवारी, डॉ0प्रियंका शुक्ला,अरविंद मौर्या,मयंक सिंह,वङ्का घोष ओझा,गोविंद आदि ने शिविरार्थियों को अग्रणी बनने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी-डॉ सीमा त्रिपाठी ने किया।

# बसपा में महापौरचुनाव लड़ने के लिए 10 लोगों ने की दावेदारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** माफिया अतीकअहमद की पत्नी शाइस्तापरवीन का पत्ता साफ होने के बाद बसपा में महापौर लगेगी। पार्टी मुख्यालय में जिन 10 लोगों ने दावेदारी की है उनमें से मुस्लिम चेहरा भी है तो ब्राह्मण प्रत्याशी का विकल्प भी है। पिछले



पद पर चुनाव लड़ने के लिए 10 लोगों ने दावेदारी की है। जिन नए लोगों ने चुनाव लड़ने और जीतने का दम भरा है इनमें किसी एक के नाम पर शीघ्र ही अंतिम मुहर सप्ताह आरक्षण की अधिसूचना जारी होते ही नगर निकाय चुनाव का रास्ता भी साफ हो गया है, ऐसे में पार्टी शीघ्र ही नया प्रत्याशी घोषित कर सकती है।

# अतीक़ अहमद को तिहाड़ जेल भेजने की तैयारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** उमेश पाल अपहरण केस में माफिया अतीक अहमद को उम्रकैद की सजा के बाद अब यूपी पुलिस जहां एक तरफ हत्याकांड में पूछताछ की तैयारी कर रही है। इसके लिए यूपी पुलिस उसे प्रयागराज लाने का प्लान बना रही है। तो इसी बीच अतीक अहमद की जेल बदलने की कवायद भी शुरू हो गई है। सुप्रीमञ्कोर्ट में अर्जी दाखिल करके अतीक अहमद की जेल बदली जाएगी। इसके लिए यूपी पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी थी।




जल्द की सुप्रीम कोर्ट यूपी सरकार की तरफ से अर्जी दाखिल की जा सकती है। ऐसी अटकलें हैं कि माफिया अतीक अहमद को साबरमती जेल से हटाकर तिहाड़ जेल में रखा जाएगा। इसके लिए जरूरी दस्तावेजी कार्रवाई शुरू हो गई है।



# वक्त रहते बची जानः बलिया में पिता की डांट से नाराज किशोर ने लगाया फंदा,दर्द से चिल्लाया तो परिजनों ने बचाया



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**बलिया।** जिले के इब्राहिमाबाद गांव में पिता की डांट से क्षुब्ध किशोर ने फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। संयोग रहा कि समय रहते परिजनों ने देख लिया और उसे फंदे से उतारकर जान बचा ली। उत्तर-प्रदेश के बलिया जिले के इब्राहिमाबाद गांव में पिता की डांट से क्षुब्ध किशोर ने फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। संयोग रहा कि समय रहते परिजनों ने देख लिया और उसे फंदे से उतारकर जान बचा ली। किशोर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# काशीवासियों के लिए 'गुड न्यूज': फिर मिलेगी 1500 करोड़ की 37 विकास परियोजनाओं की सौगात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** वाराणसी को फिर 1500 करोड़ रुपये से ज्यादा की 37 विकास परियोजनाओं की सौगात मिलेगी। जिन परियोजनाओं का लोकार्पण कराया लोकार्पण किया था। जिन परियोजनाओं का लोकार्पण कराया जाना है, उन्हें पूरा करने की समय सीमा जून 2023 तय की गई है। इसकी निगरानी भी बढ़ी है। कार्यदायी संस्था व विभागों से हर




जाना है, उन्हें पूरा करने की समय सीमा जून 2023 तय की गई है। इसकी निगरानी भी बढ़ी है। कार्यदायी संस्था व विभागों से हर सप्ताह प्रगति रिपोर्ट मांगी जा रही है। काशीवासियों को फिर 1500 करोड़ रुपये से ज्यादा की 37 विकास परियोजनाओं की सौगात मिलेगी। इनके निर्माण कार्य जून 2023 तक पूरे हो जाएंगे, फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों परियोजनाओं का लोकार्पण कराया जाएगा। इससे विकास की गति तेज होगी। जाम की समस्या भी कम हो जाएगी। इससे पहले प्रधानमंत्री ने गत 24 मार्च को 1780 करोड़ रुपये की लागत वाली 28 परियोजनाओं का शिलान्यास व सप्ताह प्रगति रिपोर्ट मांगी जा रही है। अपर जिलाधिकारी निरीक्षण करके विकास कार्यों की जानकारी ले रहे हैं। वाराणसी में अभी 10 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की विकास परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। हर महीने परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, प्रधानमंत्री का वाराणसी दौरा जून में प्रस्तावित हो सकता है।जनता की सहूलियतों से जुड़ी निर्माणाधीन 16 परियोजनाएं मार्च 2023 तक पूरी होनी थीं, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। अब तीन महीने का अतिरिक्त समय दिया गया है। अब परियोजनाएं जून तक पूरी होंगी।

# रेलवे ने सुनियोजित कार्य पद्धति अपना कर माल लदान,निर्माण कार्य क्षेत्र में रिकार्ड स्थापित किया-महाप्रबंधक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक चन्द्र वीर रमण के नेतृत्व में पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने सुनियोजित कार्य पद्धति अपना कर एवं आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए वर्ष 2022-23 में माल लदान, निर्माण कार्य, स्क्रैप निस्तारण एवं एल.एच.बी. कोचों के अवधिक अनुरक्षण के क्षेत्र में रिकार्ड स्थापित किया है।पूर्वोत्तर रेलवे पर मुख्यालय एवं मंडलों के समन्वित विपणन प्रयासों के फलस्वरूप वर्ष 2021 -22 में हुए 3.36 मीलियन टन माल लदान की तुलना में वर्ष 2022-23 में 3.66 मीलियन टन माल का लदान हुआ जो कि एक रिकार्ड है। वर्ष 2018-19 में 1.83 मीलियन टन,वर्ष 2019- 20 में 2.40 मीलियन टन तथा वर्ष 2020-21 में 2.64 मीलियन टन माल का लदान हुआ था।इस रेलवे पर निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की गयी है। वर्ष 2022-23 में 240 किमी. दोहरीकरण तथा 35 किमी. आमान परिवर्तन का कार्य पूरा किया गया। 240 किमी. दोहरीकरण एवं 35 किमी. आमान परिवर्तन पिछले एक दशक का सर्वाधिक कार्य सम्पादन है जो कि एक रिकार्ड है। पूर्वोत्तर रेलवे पर रेलवे बोर्ड द्वारा स्क्रैप निस्तारण से प्राप्त आय हेतु निर्धारित लक्ष्य रू. 145 करोड़ के सापेक्ष 212.5 करोड़ की आय हुई जो निर्धारित लक्ष्य से 46.6 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर में वर्ष 2022-23 में 739 एल.एच. बी. कोचों का आवधिकअनुरक्षण किया गया जो कि इस कारखाने में एक वर्ष में एल.एच.बी. कोचों का सर्वाधिक अनुरक्षण है।महाप्रबन्धक चन्द्र वीर रमण ने इन उपलब्धियों हेतु सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है और आशा व्यक्त की आप सभी के समर्पित प्रयासो से पूर्वोत्तर रेलवे नित नई ऊँचाईयां छूएगा।पंकज कुमार सिंह मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी गोरखपुर व जनसंपर्क अधिकारी वाराणसी अशोक कुमार ने मीडिया को इसकी जानकारी दी।



# लड़की के साथ युवक झाड़ियों में बैठा था, जंगली सूअर के शक में शिकारियों ने मार दी गोली

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** पतखिरना गांव में तीन दिन पूर्व हुई युवक की हत्या के मामले में सोमवार को पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया। दो शिकारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। लड़की के साथ युवक झाड़ियों में बैठा था। जंगली सूअर के शक में शिकारियों ने गोली चलाई गई। गोली लगने से युवक की मौत हो गई। छर्रा लगने से लड़की घायल हो गई। शिकारी जब मौके पर पहुंचे उन्हें अपनी गलती का अहसास हुआ। वे मौके से भाग गए। लड़की भी युवक को छोड़कर चली गई। यह सनसनीखेज खुलासा सोमवार को पुलिस ने किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना यूपी के सोनभद्र जिले के बभनी थाना क्षेत्र के पतखिरना गांव की है। एएसपी ऑपरेशन त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि पतखिरना निवासी शंकर गोंड का शव तीन दिन पहले झाड़ियों में मिला था। उसके शरीर पर नुकीले हथियार से चोट के निशान थे। इस मामले में मृतक के पिता राजपाल गोंड की तहरीर पर 31 मार्च को तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। शिकारियों ने बताया सच घटना के अनावरण में एसओ अमित सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम लगी थी। तफ्तीश में मिले सुराग के आधार पर पुलिस ने सोमवार सुबह पतखिरना गांव के ही गोविंद बैगा और शिवनारायण को गिरफ्तार किया। पुलिस की पूछताछ में उन्होंने बताया कि 30 मार्च को दोनों जंगली सूअर का शिकार करने निकले थे। ये भी पढ़ेः कहां छिपा है समर



सिंह? आकांक्षा दुबे की मौत 8 दिन बाद भी नहीं तलाश सकी पुलिस, उठने लगे सवा जंगल में एक सूअर का पीछा करते हुए फायर भी किया, लेकिन वह भाग गया। इसी दौरान उन्हें नाले के पास झाड़ियों में कुछ हलचल दिखी। यह सोचते हुए कि सूअर झाड़ियों में ही छिपा होगा, दोनों ने फिर से गोली दाग दी। यह गोली झाड़ियों के पीछे मौजूद शंकर को लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। जंगल में लकड़ी काटने गई गांव की एक लड़की युवक के साथ थी। छर्रा लगने से वह घायल हो गई। दोनों जब शिकार लेने वहां पहुंचे तो शंकर को मृत देख सन्न रह गए। इसी बीच जख्मी लड़की वहां से फरार हो गई थी। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज करते हुए उन्हें जेल भेज दिया। उनके पास से घटना में प्रयुक्त बारूदी गन (शिकार में उपयोग आने वाला) भी बरामद हुआ। देर रात पार्टी से लौटा, सुबह बिस्तर पर मृत मिला युवक घोरावल कोतवाली क्षेत्र के सिरसाई ग्राम पंचायत के बसही गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में क्लीनिक संचालक की मौत हो गई। वह देर रात पार्टी से घर लौटा और सुबह बिस्तर पर मृत पाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मिर्जापुर जिले के राजगढ़ थानांतर्गत भीटी गांव निवासी दिनकर भारती (25) पुत्र विनोद भारती घोरावल कोतवाली क्षेत्र के बसही गांव में किराए के मकान में करीब दो साल से क्लीनिक चलाता था। पास के ही सिरसाई गांव में उसकी बहन का घर है। ग्रामीणों ने बताया कि रविवार रात वह अपनी बहन के घर पार्टी में गया था। देर रात करीब 10 बजे वह पार्टी से लौटकर क्लीनिक में शटर बंद कर सो गया। मकान मालिक के बेटे ने जब सुबह उसे देर तक सोते देखा तो शटर पीटा, लेकिन कोई हरकत नहीं हुई। इसके बाद वह पीछे के दरवाजे से अंदर गया तो दिनकर बिस्तर पर मृत पड़ा था। घटना की जानकारी होते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। हादसे की खबर सुनकर मृतक दिनकर के माता-पिता व परिजन भी मौके पर पहुंचे। सीओ अमित कुमार, प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार राय, इंस्पेक्टर क्राइम मनोज कुमार पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर जांच पड़ताल की। मृतक दिनकर अविवाहित था और दो भाइयों में बड़ा था। सीओ के मुताबिक शव पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पता चलेगा।

# काशी विद्यापीठ के संविदा शिक्षक के लिए खुशखबरी,कहलाएंगे असिस्टेंट प्रोफेसर संविदा, मिलेगी इतनी सैलरी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** सोमवार को कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी की अध्यक्षता में कार्य परिषद की आपात बैठक हुई। काशी विद्यापीठ की ओर से खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए भी विश्वविद्यालय ने प्रोत्साहन योजना शुरू की है। इसके तहत प्रथम पुरस्कार जीतने वाले खिलाड़ियों को 51 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार जीतने वाले को 41 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार जीतने पर 31 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में कार्यरत संविदा शिक्षक अब असिस्टेंट प्रोफेसर संविदा कहलाएंगे। उनका वेतन अब 57 हजार 700 रुपये निर्धारित किया गया है। शासन के आदेश पर कार्यपरिषद ने सोमवार को हुई आपात बैठक में इस प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगा दी। यह निर्णय एक अप्रैल 2023 से प्रभावी होगा। सोमवार को कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी की अध्यक्षता में कार्य परिषद की आपात बैठक हुई। काशी विद्यापीठ की ओर से खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए भी विश्वविद्यालय ने प्रोत्साहन योजना शुरू की है। इसके तहत प्रथम पुरस्कार जीतने वाले खिलाड़ियों को 51 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार जीतने वाले को 41 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार जीतने पर 31 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।इसके अलावा टीम को जिताने में व्यक्तिगत योगदान देने वाले खिलाड़ी को 21 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इस निर्णय पर भी कार्यपरिषद की मुहर लगी। इसके अलावा वित्त समिति की 23 जनवरी को हुई बैठक में लिए गए निर्णय का अनुमोदन हुआ। साथ ही पुनरीक्षित आय-व्यय 2022-23 एवं अनुमानित आय-व्यय 2023-24 का अनुमोदन किया गया। इसके अतिरिक्त 2021-22 की बैलेंस शीट का भी अनुमोदन हुआ। बैठक में कुलसचिव हरीश चंद, वित्त अधिकारी संतोष कुमार शर्मा, कुलाधिपति द्वारा नामित प्रो. पीएन सिंह, प्रो. पीके दीक्षित और कार्य परिषद के सदस्य उपस्थित रहे।




# आकांक्षा दुबे के घर गए पवन सिंह रात में गाड़ी देखकर जुटी भीड़, ऐसा था गांव का माहौल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह सोमवार की देर रात



भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे के पैतृक गांव बरदहा पहुंचे। उन्होंने परिजनों का सांत्वना देते हुए न्याय की लड़ाई में साथ देने का वादा किया। उन्होंने कहा कि आकांक्षा के परिवार को न्याय मिलना चाहिए। इस दुख घड़ी में हम सभी उनके साथ है। भोजपुरी अभिनेता के पहुंचने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ बरदहा गांव में जुट गई। सोमवार को लगभग 10 बजे रात पहुंचे अभिनेता पवन सिंह मृतक आकांक्षा दुबे की मां मधु दुबे से मुलाकात की और घटना की जानकारी ली। कहा कि दुख की इस घड़ी में हम सभी आपके साथ है। आपको न्याय भी मिलेगा। उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि मामले की पुलिस जांच कर रही है और हमें कानून पर पूरा भरोसा है। पीड़ित परिवार को न्याय जरूर मिलेगा। कहा कि मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि वह ऐसा कदम उठायेगी, क्योंकि जितनी आकांक्षा अंदर से मजबूत थी। हमेशा हंसी मजाक करना, खुश रहने वाली लड़की ऐसा कदम उठा सकती है। हम लोग कभी भी कल्पना नहीं कर सकते हैं। सरकार से हम यही मांग करते हैं कि उस लड़की के साथ न्याय हो और उनके परिवार के साथ न्याय हो। इस घटना से हम सभी को दुख है और इस दुख की घड़ी में हम परिजनों के साथ हैं। भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे बीते दिनों वाराणसी सारनाथ के एक होटल में मृत अवस्था में पायी गई थी। घटना के बाद उनका परिवार मुंबई से सीधे वाराणसी पहुंचा। मां मधु दुबे लगातार भोजपुरी गायक व उसके भाई पर बेटी की हत्या का आरोप लगा रही हैं। मुकदमा दर्ज होने के बाद भी अब तक आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। इससे नाराज परिजन व ग्रामीणों ने बीते दिनों चक्काजाम का भी प्रयास किया था। इसके पहले अक्षरा सिंह भी पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट कर चुकी हैं।

सीधे प्रवेश

100% Placement

15% Fee Concession


नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)

❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।





➤ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
➤ डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
➤ फायर सेफ्टी — सीसीए
➤ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
➤ इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
➤ सीएनसी प्रोग्रामिंग — बेसिक कम्प्युटर
➤ इलेक्ट्रिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर





Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
➩ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# न्यूजीलैंड ने श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए किया टीम का ऐलान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी20 इंटरनेशनल सीरीज के लिए अपने स्क्वाड की घोषणा कर दी है। टॉम लैथम न्यूजीलैंड के कप्तान होंगे। टॉम लैथम ने 2021 के बाद पहली बार राष्ट्रीय टी20 टीम में वापसी की है। याद दिला दें कि टिम साउथी, केन विलियमसन, ग्लेन फिलिप्स, डेवोन कॉनवे, मिचेल सैंटनर, फिन एलेन, माइकल ब्रेसवेल और लोकी फर्ग्यूसन को न्यूजीलैंड की टीम में जगह नहीं मिली है क्योंकि इन सभी को 31 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल में खेलने की मंजूरी मिल गई है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने लैथम की टी20 प्रारूप में वापसी के बारे में बातचीत करते हुए कहा, 'हमने इस साल भारत के खिलाफ सीरीज में देखा कि टॉम लैथम के पास शॉट्स की क्या रेंज है। उनमें अलग-अलग क्रम पर बल्लेबाजी करने की क्षमता है। उन्होंने 2021 में बांग्लादेश के खिलाफ गैरअनुभवी



टीम का नेतृत्व किया और हम इससे काफी प्रभावित हुए थे।' न्यूजीलैंड ने दो अनकैप्ड खिलाड़ियों - चाड बोव्स और हेनरी शिपले को शामिल किया है जबकि जिमी नीशम की वापसी हुई है। न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ 13 सदयीय टीम चुनी है जबकि पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए 16 सदस्यों का चयन किया है। बता दें कि श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टी20 इंटरनेशनल सीरीज के बाद कोच स्टीड पाकिस्तान के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल सीरीज में ब्रेक लेंगे। फिर 26 अप्रैल से रावलपिंडी में पांच वनडे मैचों की सीरीज में वो लौट आएंगे।श्रीलंका के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल सीरीज के लिए न्यूजीलैंड का स्क्वाड इस प्रकार है- टॉम लैथम (कप्तान), चाड बोव्स, मार्क चैपमैन, मैट हेनरी, बेन लिस्टर, एडम मिलने, डैरिल मिचेल, जिमी नीशम, रचिन रवींद्र, टिम सीफर्ट, हेनरी शिपले, ईश सोढ़ी और विल यंग।पाकिस्तान के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल सीरीज के लिए न्यूजीलैंड का स्क्वाड इस प्रकार है- टॉम लैथम (कप्तान), चाड बोव्स, मार्क चैपमैन, मैट हेनरी, बेन लिस्टर, एडम मिलने, डैरिल मिचेल, जिमी नीशम, रचिन रवींद्र, टिम सीफर्ट, हेनरी शिपले, ईश सोढ़ी, विल यंग, डान क्लीवर, कोल मैकोन्की और ब्लेयर टिकनर।

# कोहली का होगा हल्ला, जोफ्रा आर्चर की रफ्तार मचाएगी तबाही

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आपीएल 2023) के 16वें सीजन के पांचवें मैच में मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का आमना-सामना होगा। चिन्नास्वामी के मैदान पर होने वाले इस मुकाबले में जमकर चौके-छक्कों की बरसात देखने को मिल सकती है। दोनों टीमों के पास स्टार खिलाड़ियों की भरमार है, जो चंद ओवरों में मैच का रुख पलटने का माद्दा रखते हैं। आइए आपको बताते हैं उन पांच खिलाड़ियों के नाम, जो इस महामुकाबले में धमाल मचा सकते हैं। कोहली अपने विराट अवतार में लौट चुके हैं। विराट के बल्ले से पिछले एक साल में जमकर रन बरसे हैं। ऐसे में मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों को कोहली से खासा सावधान रहना होगा। आरसीबी के पूर्व कप्तान को चिन्नास्वामी का मैदान वैसे भी बेहद रास आता है। विराट का बल्ला अगर पहले मैच में चला तो आरसीबी के लिए सीजन का आगाज धमाकेदार हो सकता है। सूर्यकुमार यादव को आईपीएल बेहद रास आता है। पिछले कुछ सीजन में सूर्या का बल्ला जमकर बोला है और चिन्नास्वामी के छोटे मैदान पर दाएं हाथ का यह बल्लेबाज खूब कोहराम मचा सकता है।

# आईपीएल 2023 में एकदम नए अवतार में नजर आएंगे स्टीव स्मिथ वीडियो के जरिये किया बड़ा खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया टीम के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ आईपीएल 2023 में एकदम नए अवतार में नजर आएंगे। स्मिथ ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स पर एक वीडियो शेयर करके जानकारी दी है कि वो आईपीएल में कमेंट्री करते हुए नजर आएंगे। आधुनिक युग के दिग्गज बल्लेबाजों में से एक स्मिथ आईपीएल 2023 में कमेंट्री डेब्यू करेंगे। स्मिथ ने अपने ट्विटर अकाउंट पर एक 15 सेकंड की क्लिप पोस्ट की है, जिसमें उन्होंने कहा कि वो भारत की एक जुनूनी टीम से जुड़ने जा रहे हैं। स्मिथ ने कहा, 'नमस्ते इंडिया। मेरे पास आप लोगों के लिए एक उत्साहजनक खबर है। मैं आईपीएल 2023 से जुड़ रहा हूं। हां, ये सही है। मैं भारत में एक बेहतरीन और जुनूनी टीम से जुड़ रहा हूं।याद दिला दें कि स्टीव स्मिथ ने आईपीएल 2022 में दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व किया था। फिर इस साल स्मिथ ने आईपीएल में हिस्सा लेने से इंकार कर दिया था। स्मिथ के इस फैसले के पीछे की वजह मानी जा रही थी कि वो एशेज सीरीज की तैयारियों में जुटेंगे।

# शिखर धवन ने केवल 14-15 की उम्र में करा लिया था एचआईवी टेस्ट 'गबर' ने अहम वजह का किया खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज शिखर धवन ने हाल ही ने आज तक को दिए इंटरव्यू में कहा, 'जब मैं 14 या 15 साल का था, तब मनाली गया था और घर भगवान की कृपा रही कि यह नेगेटिव निकला।धवन ने साथ ही बताया कि उन्होंने अपना पहला टैटू कौन कि राष्ट्रीय टीम में वापसी की उम्मीदों को नकारा नहीं है। धवन कड़ी मेहनत पर विश्वास



में एक बड़ा खुलासा किया। धवन ने बताया कि जब वो महज 14 या 15 साल के थे, तब अपना एचआईवी टेस्ट कराया था। धवन ने बताया कि एचआईवी टेस्ट कराने के पीछे की असली वजह क्या था।गब्बर' के नाम से मशहूर शिखर धवन ने एक चैनल को दिए इंटरव?यू में बताया कि उन्होंने अपना पहला टैटू पीठ पर बनवाया था। मगर उन्हें डर लगा, जिसके चलते एचआईवी टेस्ट कराना पड़ा। धवन वालों को बिना बताए अपनी पीठ पर टैटू बनवाया था।धवन ने टैटू कौन सा बनवाया उन्होंने आगे कहा, 'मैंने करीब 3-4 महीने अपने घर वालों को टैटू के बारे में कुछ नहीं बताया। मेरे पिता को इस बारे में पता चला। मेरी खूब पिटाई हुई। मैं टैटू बनवाने के बाद डर भी गया क्योंकि पता नहीं था कि कितने लोगों के लिए उस सूई का इस्तेमाल किया गया होगा। मैंने जाकर अपना एचआईवी टेस्ट कराया और सा बनवाया था। उन्होंने कहा, 'मैंने पीठ पर स्कॉर्पियो का टैटू बनवाया था। उस समय मेरी सोच यही थी कि कुछ अलग करना है। फिर मैंने इस पर डिजाइन बनवाई। आगे चलकर मैंने अपने हाथ में भगवान शिव का टैटू बनवाया। अर्जुन का भी टैटू बना हुआ है।'शिखर धवन ने इस दौरान भारतीय टीम में अपनी वापसी के बारे में बातचीत की। उन्होंने बताया रखते हैं और उनका मानना है कि जब भी मौका मिले, तो वो प्रदर्शन करने के लिए तैयार रहे।भारतीय ओपनर ने कहा, 'अगर भारतीय टीम से खेलने का दोबारा मौका नहीं मिलता है तो मुझे कोई मलाल नहीं रहे क्योंकि मैंने कड़ी मेहनत जारी रखी है। जो कुछ भी मेरे हाथ में है, मैं बस वो ही करना चाहता हूं।'

# जानें कब, कहां और कैसे देख सकते हैं रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस का लाइव प्रसारण व स्ट्रीमिंग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2023) के 16वें सीजन के पांचवें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की भिड़ंत पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस से होगी। यह मुकाबला 2 अप्रैल को बैंगलोर के चिन्नास्वामी मैदान पर शाम 7 बजकर 30 मिनट से खेला जाएगा। बैंगलोर की टीम को पहले मैच में ग्लेन मैक्सवेल और जोश हेजवलुड की सुविधा नहीं मिलेगा। वहीं, मुंबई के नियमित कप्तान रोहित शर्मा का भी खेलना मुश्किल नजर आ रहा है। आरसीबी ने पिछले सीजन दूसरे क्वालीफायर तक का सफर तय किया था। वहीं, मुंबई प्वॉइंट्स टेबल में आखिरी पायदान पर रही थी। ऐसे में फाफ डुप्लेसी की कप्तानी में बैंगलोर इस सीजन अपने 15 साल के सूखे को खत्म करना चाहेगी, तो मुंबई एकबार फिर चैंपियन वाला खेल दिखाने को बेताब होगी। आईपीएल 2023 का पांचवां मैच रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस के बीच 2 अप्रैल यानी रविवार को खेला जाएगा रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2023 का पांचवां मैच कहां खेला जाएगा रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2023 का पांचवां मुकाबला बैंगलोर के चिन्नास्वामी मैदान पर खेला जाएगा।रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर



और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2023 का पांचवां मैच कितने बजे शुरू होगा रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2023 का पांचवां मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा। टॉस आधे घंटे पहले होगा। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2023 के पांचवें मैच का लाइव प्रसारण किस चैनल पर होग रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2023 के पांचवें मैच का लाइव प्रसारण भारत में स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा।रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2023 के पांचवें मैच की लाइव स्ट्रीमिंग कैसे देख सकते हैं रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2023 का पांचवें मैच की लाइव स्ट्रीमिंग जियो सिनेमा ऐप पर देख सकते हैं। मैच से संबंधित महत्वपूर्ण कवरेज आप जागरण डॉट कॉम पर हासिल कर सकते हैं।

# लखनऊ में काइल मेयर्स ने उड़ाया बल्ले से गर्दा, दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी अटैक से हुआ जमकर खिलवाड़


(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आपीएल 2023) के 16वें सीजन के तीसरे मुकाबले में दिल्ली उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। मेयर्स की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के आगे दिल्ली का मजबूत बॉलिंग अटैक पूरी तरह लगाए। हालांकि, इसके बाद काइल मेयर्स ने रनरेट की रफ्तार बढ़ाने की जिम्मेदारी संभाली और खुलकर शॉट्स खेलने शुरू किए। मेयर्स



कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच जोरदार भिड़ंत हो रही है। कप्तान केएल राहुल भले ही सस्ते में पवेलियन लौट गए, लेकिन काइल मेयर्स ने लखनऊ के घरेलू मैदान पर बल्ले से जमकर गर्दा उड़ाया। अपने आईपीएल डेब्यू मैच में कैरेबियाई बल्लेबाज ने दिल्ली के गेंदबाजों की खूब धुनाई की। ग्हकाइल मेयर्स पहली गेंद से ही आक्रामक अंदाज में नजर आए और से बेअसर दिखाई दिया। मेयर्स ने कुलदीप यादव की गेंद पर जोरदार सिक्स लगाते हुए 28 गेदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। मेयर्स ने 38 गेंदों में 73 रनों की विस्फोटक पारी खेली। कैरेबियाई बल्लेबाज ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी के दौरान चौके से ज्यादा छक्के जमाए लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत हालांकि शांत रही और टीम ने पहले तीन ओवर में सिर्फ 12 रन स्कोर बोर्ड पर इसी दौरान एक शॉट को सही तरीके से नहीं खेल सके और गेंद को हवा में खेल बैठे, लेकिन खलील अहमद ने कैरेबियाई बल्लेबाज का आसान सा कैच टपका दिया। खलील ने मेयर्स का कैच छोड़ा, तो वह महज 14 रन बनाकर खेल रहे थे। लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल एकबार फिर फ्लॉप रहे। राहुल 12 गेंदों का सामना करने के बाद महज 8 रन बनाकर चलते बने।



## राशिफल



**मेष-:**तली-भुनी चीजों से दूर रहें और नियमित व्यायाम करते रहें. घरेलू सुख-सुविधा की चीज़ों पर ज़रूरत से ज़्यादा खर्च़ न करें। पिता का तल्ख बर्ताव आपको नाराज़ कर सकता है।

**वृष-:**जीवन की सभी कठिन परिस्थितियों में आपको अपने माता-पिता का पूरा सहयोग मिलेगा. जो लोग प्रेम के मोर्चे पर मायूस महसूस कर रहे हैं।

**मिथुन-:**क्षणिक क्रोध विवाद और दुर्भावना का कारण बन सकता है. मनोरंजन और सौन्दर्य वृद्धि पर आवश्यकता से अधिक समय व्यतीत न करें।

**कर्क-:**आज सभी ग्रह और सितारे आपके पक्ष में हैं, आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी. आज के दिन यात्रा की योजना बन सकती है।

**सिंह-:**आपकी इच्छा शक्ति को प्रोत्साहन मिलेगा, क्योंकि आप बहुत उलझी हुई परिस्थितियों से निकलने में क़ामयाब रहेंगे. भावनात्मक फैसले लेते समय अपनी तार्किकता को न छोड़ें।

**कन्या-:**प्रेम के मामले में सफलता मिलेगी. नए कार्यों की शुरुआत करना शुभ रहेगा। आज अपने प्रिय के साथ अपनी व्यक्तिगत भावनाओं और गोपनीय मामलों को साझा करने का सही समय है।

**तुला-:** जो लोग आपके पास कर्ज के लिए आते हैं, बेहतर होगा आप उन्हें नजरंदाज करें. पारिवारिक मोर्चे पर चीज़ें अच्छी रहेंगी और आप अपनी योजनाओं को पूरा समर्थन मिलने की उम्मीद कर सकते हैं।

**वृश्चिक-:**छात्रों के लिए दिन अनुकूल है क्योंकि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। जमीन-जायदाद संबंधी कार्य स्थगित करना आपके हित में रहेगा।

**धनु-:**इससे पहले कि नकारात्मक विचार मानसिक रोग का रूप लें, आपको उन्हें समाप्त कर देना चाहिए. आप किसी परोपकारी कार्य में हिस्सा लेकर ऐसा कर सकते हैं।

**मकर-:**लंबे समय से चली आ रही दिक्कतों से आज आपको छुटकारा मिल सकता है. आगे बढ़ने के बजाय अपने सभी आगामी कार्यों को पूरा करना ही समझदारी होगी।

**कुंभ-:**भावनात्मक रूप से बहुत अच्छा दिन नहीं रहेगा. आर्थिक समस्याओं के कारण आपको आलोचना और वाद-विवाद का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन-:**आज आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे, जिसका असर आपके आसपास के लोगों पर भी पड़ेगा. खुद के काम से समय निकालकर परिवार के साथ अधिक समय बिताना संभव नहीं होगा।






# एमएस धोनी की कप्तानी के कायल हैं स्टीव स्मिथ बताया माही से सीखी मैदान पर शांत रहने की कला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व मैच को पलटने का धोनी का हुनर कमाल का है। इस बीच, स्टीव स्मिथ आईपीएल में धोनी के साथ राइजिंग पुणे जायंट्स के साथ



कप्तान एमएस धोनी की कप्तानी का वर्ल्ड क्रिकेट कायल है। मैदान पर चाहे परिस्थिति कितनी ही विपरीत क्यों ना हो माही हमेशा ही शांत नजर आते हैं। इसके साथ ही आखिरी मौके पर दांव चलकर ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने एमएस धोनी की जमकर तारीफों के पुल बांधे हैं।स्मिथ का कहना है कि उन्होंने माही से हर परिस्थिति में मैदान पर शांत रहने की कला सीखी। खेल चुके हैं। पहले सीजन धोनी ने पुणे टीम की कप्तानी की थी। हालांकि, भारत की कप्तानी छोड़ने के बाद अगले सीजन फ्रेंचाइजी ने टीम की कमान माही से लेकर स्टीव स्मिथ के हाथों में सौंप दी थी।स्टीव स्मिथ ने स्टार स्पोर्ट्स के साथ बातचीत करते हुए धोनी को लेकर कहा, मुझे लगता है कि मैंने धोनी से मैदान पर शांत रहने की कला सीखी। मैंने उनके पूरे करियर में देखा कि वह किस तरह से हर परिस्थिति में शांत रहते हैं। उनके चेहरे पर बिल्कुल भी हाव-भाव नहीं बदलते हैं। शायद यह वो चीज है, जो मैंने उनसे लेने की कोशिश की।स्मिथ ने धोनी की तारीफ करते हुए कहा, ठठजाहिर तौर पर, उन्होंने अपने लंबे करियर में काफी उपलब्धि हासिल की। वह इस खेल को खेलने वाले बेस्ट कप्तान के तौर पर जाने जाएंगे। आपको पता है कि जब मुझे कॉल आया उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि मैं टीम को लीड करूं, तो वह काफी डराने वाला था। हालांकि, उस सीजन धोनी लाजवाब रहे थे। उन्होंने हर तरह से मेरी मदद की जैसे वह कर सकते थे, वह एक कमाल के इंसान हैं। उनको अपनी कप्तानी में खेलते हुए देखना काफी शानदार और साथ ही डराने वाले अनुभव था।

## सम्पादकीय

# अंश को पूर्ण समझने की भूल खंडित विचार से राजनीतिक लाभ उठाने वालों से सामाजिक विभाजन का खतरा

तुलसीदास ने रामकथा पर आधारित रामचरितमानस सोलहवीं शताब्दी में लिखी थी। यह उत्कृष्ट काव्य है। करोड़ों हिंदू इसे धर्मग्रंथ जैसा सम्मान देते हैं। एक समय सूरीनाम, मारीशस, कंबोडिया और थाइलैंड आदि देशों में भारत से जाकर बसने वाले लोग रामचरितमानस की प्रतियां भी साथ ले गए थे। वहीं भारत में कुछ राजनेता मानस की कथित नारी अपमान एवं शूद्र संबंधी चौपाइयों को लेकर आक्रामक हैं। वे इसे जलाने या प्रतिबंधित करने की मांग कर रहे हैं। शूद्र शब्द भी इस विवाद का हिस्सा है। उनके वक्तव्यों से सामाजिक विभाजन का खतरा है। वे अगड़े-पिछड़े के विभाजन में राजनीतिक अवसर तलाश रहे हैं। इस प्रसंग में डा. आंबेडकर की पुस्तक 'हू वर शूद्राज' यानी 'शूद्र कौन थे' के उदाहरण प्रासंगिक हैं। इस पठनीय पुस्तक में डा. आंबेडकर ने सृष्टि और शूद्रों के उद्भव के संबंध में भारतीय ग्रंथों और पाश्चात्य विद्वानों के विचार निरस्त किए हैं। उन्होंने आर्यों को नस्लवादी और आक्रांता मानने, दास और दस्यु को□ आर्यों से भिन्न मानने से इन्कार किया। आर्यों की श्वेत नस्ल और दास एवं दस्यु को अश्वेत नस्ल नहीं माना। आर्यों की दासों और दस्युओं पर विजय, विजय के बाद दास बनाने एवं उन्हें शूद्र बनाने की बात भी गलत बताई। आर्यों में रंगभेद की भावना और आर्यों द्वारा चातुर्वण्य का निर्माण भी नहीं माना। रंगभेद का खंडन करते हुए उन्होंने ऋग्वेद से उद्धरण दिए कि, 'आर्यों में रंगभेद नहीं था। कुछ गोरे थे। कुछ काले थे। श्रीराम और श्रीकृष्ण श्याम वर्ण के थे। ऋग्वेद के ऋषि दीर्घतमस और कण्व श्याम वर्ण के थे।' आंबेडकर के अनुसार शूद्र शब्द पहले किसी वर्ण या वर्ग का सूचक नहीं था, बल्कि एक गण या समूह का नाम था। भारत पर सिकंदर के आक्रमण पर इतिहासकारों ने लिखा है कि, 'यहां के स्वाधीन गणराज्यों में सौदरि नाम का गण था। सौदरि गण सिकंदर से लड़ा था।' डा. आंबेडकर ने महाभारत और पुराणों का उल्लेख करते हुए कहा कि 'इसमें शूद्रों के गणसंघ का उल्लेख है। छांदोग्य उपनिषद में राजा जानश्रुति शूद्र थे। उन्होंने रैक्व ऋषि से वेदविद्या प्राप्त की थी। ऋग्वेद के एक ऋषि कवष ऐलूश शूद्र थे।' उन्होंने पूर्व मीमांसा के दार्शनिक जैमिनि, महाभारत, श्रौत सूत्र, कात्यायन श्रौतसूत्र आदि ग्रंथों का हवाला देते हुए लिखा है कि, 'शूद्र गण को सभी धार्मिक कर्मकांड करने के अधिकार थे।' शूद्र आर्य थे। शूद्र क्षत्रिय थे। आर्य समुदाय के अनेक प्रसिद्ध राजा शूद्र थे। डा. आंबेडकर ने कोलंबिया विश्वविद्यालय में जाति उत्पत्ति पर शोध में लिखा, 'जाति धर्म का नियम मनु द्वारा प्रदत्त नहीं है और न ही वह ऐसा कर सकता था। ब्राह्मण कई गलतियां करने के दोषी रहे हों, मैं कह सकता हूं कि वे ऐसे थे, किंतु जाति व्यवस्था को गैरब्राह्मणों पर लादने की उनकी क्षमता नहीं थी।' सभी प्राचीन ग्रंथ देश-काल और परिस्थिति के आधार पर लिखे गए। सैकड़ों वर्ष बाद उनके कुछ अंशों की संगति आधुनिक मूल्यों से भिन्न हो सकती है, मगर इसी आधार उन्हें खारिज नहीं कर सकते। बौद्ध ग्रंथ 'अंगुत्तरनिकाय चक्कतुनिपात' में उल्लेख है कि, 'स्त्री वर्ग संतापी, ईर्ष्यालु और बुद्धिहीन है।' मार्क्सवादी चिंतक डा. रामविलास शर्मा ने इससे उद्धरण दिए हैं, 'भिक्षुओं में इस बात की संभावना नहीं है कि स्त्री सम्यक, संबुद्ध हो। ऐसी संभावना है कि पुरुष अर्हत, सम्यक, संबुद्ध हो।' ऐसे विचार आधुनिक काल के संगत नहीं हैं। मूलभूत प्रश्न है कि क्या कुछ वाक्यों के आधार पर हम विख्यात बुद्ध दर्शन को खारिज कर दें। अंश के आधार पर पूर्ण का विवेचन नहीं हो सकता। विवेचन में देश-काल के प्रभाव का ध्यान रखना जरूरी होता है। महान संत कबीरदास के विचार काफी लोकप्रिय हैं। उनमें शंकराचार्य का अद्वैत दर्शन है, लेकिन नारी के विषय में कबीर का कथन है, 'नारी नसावे तीनि सुख जा नर पास होई/भक्ति मुक्ति निज ज्ञान में पैसि न सके कोई।' अर्थात नारी किसी पुरुष की निकटता में तीन गुणों का नाश करती है। भक्ति, मुक्ति एवं ज्ञान की क्षति करती है। 'नारी कुण्डा नरक का बिरला थांबे बाग/कोई साधू जन उबरै सब जग मुअन लाग।' भी कबीर ने रचा है, जिसके अनुसार नारी नरक का कुआं है। विरले ही इससे बच पाते हैं। शेष इसमें गिरकर मर जाते हैं। ऐसे उद्धरण आधुनिक संदर्भ में किसी को भी अनुचित लग सकते हैं, किंतु कबीर का मूल्यांकन ऐसे उद्धरणों के आधार पर नहीं किया जा सकता। इसी आधार पर उनकी निंदा भी नहीं की जा सकती। कबीर के तमाम दोहे एवं भजन प्रगतिशील विचारों से समृद्ध हैं।

# संदेह से परे हों न्यायिक नियुक्तियां न्यायपालिका ही न्यायाधीशों की नियुक्ति करेगी यह कल्पना से परे

न्यायिक नियुक्तियों पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कलेजियम व्यवस्था बनाने और संसद द्वारा पारित राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग यानी एनजेएसी के गठन को गैर-संवैधानिक घोषित करने के मुद्दे पर विवाद और विमर्श दोनों जारी हैं। उपराष्ट्रपति



जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने न्यायपालिका को न्यायिक लक्ष्मण रेखा का उल्लंघन न करने की सलाह दी है तो कानून मंत्री ने न्यायिक प्रक्रिया को पारदर्शी एवं उत्तरदायित्वपूर्ण बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट कलेजियम में केंद्र सरकार और उच्च न्यायालय कलेजियमों में राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों को शामिल करने के लिए पत्र भेजा। इससे कार्यपालिका और न्यायपालिका के मध्य विवाद का संकेत गया, लेकिन इसे इन संस्थाओं के बीच संवाद के रूप में भी देखा जाना चाहिए। न्यायमूर्ति एमसी छागला जब मुंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे तो उस दौरान वह तत्कालीन मुख्यमंत्री मोरारजी देसाई के साथ न्यायिक नियुक्तियों पर सैद्धांतिक असहमति के बावजूद प्रतिमाह चाय या रात्रि भोज पर संवाद करते थे। आज उस परंपरा को पुनर्जीवित क्यों नहीं किया जा सकता स्वतंत्रता तथा योग्यता के आधार पर निष्पक्ष न्यायिक नियुक्तियों को लेकर देश में सर्वसम्मति है। संविधान निर्माताओं की ऐसी कोई मंशा नहीं थी न्यायिक नियुक्तियों में किसी एक संवैधानिक संस्था का एकाधिकार हो। डा. आंबेडकर कल्पना ही नहीं कर सकते थे कि न्यायपालिका ही न्यायाधीशों की नियुक्ति करेगी और जनता को बताएगी भी नहीं कि किस आधार पर उनका चयन हुआ और क्यों कुछ को अस्वीकृत किया गया कलेजियम प्रणाली से जिस तरह नियुक्तियां हो रही हैं, उससे जनता के मन में शंकाएं उत्पन्न हो रही हैं। संभव है कि वे शंकाएं निर्मूल हों, किंतु पारदर्शिता के अभाव में उन्हें बल मिलता है।

# शोभायात्राओं पर पत्थरबाजी की सनक, घृणा से भरी मानसिकता को सख्ती से कुचलने की आवश्यकता

रामनवमी के अवसर पर उत्पात मचाने का जो सिलसिला महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर से शुरू हुआ था, वह वडोदरा, हावड़ा, हुगली, सासाराम, बिहारशरीफ तक जारी रहा। देश के कुछ और शहरों



में भी रामनवमी पर उपद्रव की खबरें आईं। कहा नहीं जा सकता कि यह सिलसिला कब खत्म होगा, क्योंकि जो शहर रामनवमी की शोभायात्राओं पर पत्थरबाजी और हिंसा का गवाह बने, उन सभी में अभी शांति स्थापित नहीं हो सकी है। रामनवमी पर उत्पात कोई नया काम नहीं है। पिछले वर्ष यह काम और बड़े पैमाने पर कहीं अधिक शहरों में किया गया था। तब रामनवमी की शोभायात्राओं को निशाना बनाने के बाद हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्राओं पर भी पत्थरबाजी की गई थी। वास्तव में इसका सिलसिला हिंदू नववर्ष पर निकाली गई शोभायात्रा से ही शुरू हो गया था, जो हनुमान जंयती तक चला था। कहना कठिन है कि इस बार हनुमान जन्मोत्सव उत्पात से बचा रहेगा या नहीं? जो भी हो, आसार अच्छे नहीं हैं, क्योंकि ममता बनर्जी ने इसका अंदेशा जता दिया है। पता नहीं उनके इस अंदेशे का आधार क्या है, लेकिन इस नतीजे पर पहुंचने के अच्छे-भले कारण हैं कि शोभायात्राओं को जानबूझकर किसी साजिश और सनक के तहत निशाना बनाया जा रहा है। शोभायात्राओं पर पथराव के लिए अक्सर ऐसे बहाने गढ़ लिए जाते हैं कि शोभायात्रा मुस्लिम इलाके से निकल रही थी अथवा उसमें 'उत्तेजक' नारे लग रहे थे या फिर डीजे बज रहा था। कुछ लोगों के लिए तो जयश्रीराम का नारा भी उत्तेजक और आपत्तिजनक होता है। असदुद्दीन ओवैसी और उनके दल के नेता जयश्रीराम का उल्लेख करने से भी कतराते हैं। जब उन्हें इस नारे का जिक्र करना होता है तो वे 'जेएसआर' कहकर काम चलाते हैं। इससे समझा जा सकता है कि आपत्ति वास्तव में घृणा में बदल चुकी है। हावड़ा में हिंसा को लेकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यह कह दिया कि आखिर शोभायात्रा मुस्लिम मोहल्ले से क्यों निकली? सबसे पहला सवाल तो यही है कि क्या शोभायात्राओं के लिए मुस्लिम इलाके निषेध हैं? क्या वे विशेष आवासीय जोन हैं या फिर ऐसे इलाके हैं, जहां देश के कानून के बजाय समुदाय विशेष की मनमानी चलती है? क्या भारत के मुस्लिम इलाकों में अफगानिस्तान की तरह शरिया लागू हो गई है? यदि ममता यह कहेंगी कि हिंदुओं की शोभायात्राएं मुस्लिम इलाकों से नहीं निकलनी चाहिए, तो फिर कोई यह भी कहेगा कि मुसलमानों के जुलूस हिंदुओं के इलाके से नहीं निकलने चाहिए। यदि ऐसा कहा जाएगा तो यह सांप्रदायिकता होगी, लेकिन ममता बनर्जी के बयान को कोई भी सांप्रदायिक नहीं बता रहा है, क्योंकि वह कथित तौर पर सेक्युलर खेमे की नेता हैं। ममता बनर्जी के कथन ने कुछ वर्ष पहले तमिलनाडु में सामने आए उस चौंकाने वाले मामले की याद दिला दी, जिसमें पेरंबलूर जिले के कड़तूर गांव के मुसलमानों ने हिंदू समाज की ओर से विशेष अवसरों पर निकाली जाने वाली धार्मिक यात्राओं पर यह कहकर आपत्ति जताई कि इस्लाम में मूर्ति पूजा हराम है, इसलिए हिंदुओं को गांव में रथयात्राएं निकालने से रोका जाए। उनके अनुसार रथयात्राएं इसलिए भी नहीं निकाली जानी चाहिए, क्योंकि अब गांव में मुस्लिम आबादी अधिक हो गई है। यह दलील यही कहती थी कि जहां हमारा बहुमत हो, वहां हमारी ही चलेगी। यह मामला 2021 में मद्रास उच्च न्यायालय पहुंचा। उसने मुस्लिम समुदाय की दलील को घोर असहिष्णु के साथ दुस्साहसिक भी करार दिया। उसने अपने निर्णय में कहा कि लोग और उनके समूह सांप्रदायिक हो सकते हैं, लेकिन सार्वजनिक स्थल और सड़कें नहीं। हिंदुओं की धार्मिक यात्राओं पर मुसलमानों की आपत्ति यह भी स्पष्ट करती थी कि तथाकथित गंगा-जमुनी तहजीब एक धोखे के अलावा और कुछ नहीं और इसका उल्लेख लोगों को छलने और देश को मूर्ख बनाने के लिए ही अधिक किया जाता है। इस पर ध्यान दें कि मद्रास उच्च न्यायालय ने जिसे घोर असहिष्णुता कहा था, ममता बनर्जी ने उसे नसीहत और हिदायत के रूप मे पेश किया। हावड़ा में हिंसा के मामले में यह भी ध्यान रखें कि वहां शोभायात्रा पुलिस की अनुमति से और उसकी ओर से तय मार्ग से निकाली गई थी। आम तौर पर अब हर जगह ऐसा ही किया जाता है। रथयात्राएं उन्हीं मार्गों से निकलती हैं, जो पहले से तय होती हैं और जिनकी अनुमति पुलिस की ओर से दी जाती है। इतना ही नहीं, ऐसी यात्राओं के दौरान पुलिस भी उपस्थित रहती है। इसके बाद भी शोभायात्राओं पर पथराव किया जाता है। कई बार तो पुलिस वालों को भी निशाना बनाया जाता है। कभी-कभी तो थाना-चौकी भी उन्मादी भीड़ का शिकार हो जाती हैं। हावड़ा में ऐसा न होने पाए, इसके लिए थाने की बैरिकेडिंग की गई। यहां रामनवमी के दूसरे दिन शुक्रवार की नमाज के बाद भी हिंसा की गई। इस पर भी गौर करें कि ये हमले रमजान के दौरान किए गए। शोभायात्राओं के साथ पुलिस पर भी पथराव से यदि कुछ स्पष्ट होता है तो यही कि आपत्ति केवल धार्मिक यात्राओं तक ही सीमित नहीं है। कायदे से तो हिंदुओं की धार्मिक यात्राओं और मुसलमानों के जुलूसों के दौरान पुलिस को अतिरिक्त चौकसी बरतने की आवश्यकता ही नहीं पड़नी चाहिए, लेकिन आज का दुर्भाग्य यही है कि ऐसा करना पड़ता है और इसके बाद भी हिंसा हो जाती है। आखिर किधर जा रहा है देश? यह कैसी सनक है कि किसी न किसी बहाने धार्मिक यात्राओं को निशाना बनाने का सिलसिला कायम है।

# जनजाति समुदाय के अधिकारों में सेंधमारी, मतांतरित हो गए लोग जनजातियों के विशेषाधिकारों का लाभ कैसे ले सकते है

पिछले कुछ समय से जनजाति बहुल राज्यों में जनजातीय समुदाय डीलिस्टिंग को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहा है। पिछले दिनों भोपाल के दशहरा मैदान में मध्य प्रदेश के 40 जिलों से आए जनजातीय बंधुओं ने एक विशाल रैली की। जनजाति सुरक्षा मंच के तत्वावधान में आयोजित यह डीलिस्टिंग गर्जना महारैली दो साल से कई प्रदेशों में चल रहे उस वनवासी आंदोलन का हिस्सा है, जिसमें मतांतरण कर ईसाई और इस्लाम अपना चुके लोगों को अनुसूचित जनजाति कोटे के आरक्षण से अलग करने की मांग उठाई जा रही है। आंदोलनकारियों की मांग है कि मतांतरित लोगों को जनजातीय समुदाय का हिस्सा न माना जाए और उन्हें जनजातीय अनुसूची से डीलिस्ट यानी हटा दिया जाए। छत्तीसगढ़, झारखंड और मध्य प्रदेश में तमाम रैलियों के बाद जनजातीय संगठन इस आंदोलन को अब देश के 230 जनजाति बहुल जिलों में ले जाना चाहते हैं। इस सिलसिले में दो वर्षों में 20 महारैलियां प्रस्तावित हैं। आंदोलनकारियों का कहना है कि जनजातियों को मिलने वाले आरक्षण का बड़ा हिस्सा ईसाई मत में मतांतरित लोग उठा रहे हैं, जबकि मतांतरित होकर वे धार्मिक एवं सांस्कृतिक रूप से उन सभी विशिष्टताओं का परित्याग कर चुके हैं, जो उनके जनजातीय होने की अर्हता पूरी करती हैं। सेंटर फार पालिसी स्टडीज के निदेशक डा. जेके बजाज का शोध पुष्टि करता है कि ग्रेड ए और ग्रेड बी नौकरियों में अधिकांश नियुक्तियां जनजातीय समुदायों से मतांतरित लोगों को मिली हैं। मतांतरित ईसाइयों को मिल रहे आरक्षण के लाभ ने इन नियुक्तियों में भारी क्षेत्रीय असमानता पैदा कर दी है। केंद्र सरकार की ग्रेड ए नौकरियों का बड़ा हिस्सा पूर्वोत्तर के ईसाई बहुल राज्यों को मिल रहा है और संख्या में कई गुना अधिक होने पर भी मध्य भारत के जनजातीय लोग इन नौकरियों में अपनी जनसंख्या के हिसाब से पिछड़ गए हैं।उल्लेखनीय है कि जनजातीय समूहों को चिह्नित करने के लिए बनाई गई लोकुर समिति ने पांच मानक बनाए हैं। ये



मानक हैं- उस समुदाय के प्राचीनतापूर्ण लक्षण, विशिष्ट संस्कृति, भौगोलिक रूप से पृथक्करण, समाज की मुख्यधारा से संपर्क बनाने में उनका संकोच और आर्थिक पिछड़ापन। प्रकृति पूजा, पहनावे और पुरखों के रीति-रिवाज छोड़ मतांतरित ईसाई और मुस्लिम उन समुदायों का हिस्सा बनते हैं, जो न सिर्फ समाज की मुख्यधारा का प्रतिनिधित्व करते हैं, बल्कि भौगोलिक रूप से भी वैश्विक विस्तार लिए हुए हैं। इसलिए ये लोकुर समिति के मानकों पर खरे नहीं उतरते। केरल राज्य बनाम चंद्रमोहनन मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने भी निर्णय दिया कि मतांतरण और अपनी पुरातन परंपरा, रीति और अनुष्ठान त्यागने की स्थिति में व्यक्ति जनजाति का दर्जा गंवा देता है। इसी प्रकार जयंतिया समुदाय से संबद्ध इवालांग्की ई रिंबाई बनाम जयंतिया हिल्स डिस्ट्रिक्ट काउंसिल वाद में भी सर्वोच्च न्यायालय ने दोलोई यानी गांव के मुखिया के चुनाव में ईसाई उम्मीदवारी को यह कहकर अयोग्य करार दिया था कि दोलोई को पुरातन परंपराओं का निर्वाह करना होता है, जो कि मतांतरित ईसाई नहीं कर सकते। चूंकि हर विवाद को लेकर न्यायालय जाना असंभव है, लिहाजा जनजाति समाज ऐसी व्यवस्था चाहता है जिसमें जनजातियों की संवैधानिक स्थिति स्वतः स्पष्ट हो जाए। इस स्थिति में अस्पष्टता इसलिए बनी है, क्योंकि मतांतरण की स्थिति में अनुसूचित जातियों से व्यक्तियों की डीलिस्टिंग की व्यवस्था तो है, मगर अनुसूचित जनजातियों के लिए नहीं। जहां अनुच्छेद 341 के अंतर्गत ईसाई और इस्लाम में मतांतरित व्यक्ति अनुसूचित जाति के लाभ से वंचित हो जाते हैं, लेकिन अनुसूचित जनजाति से जुड़ा अनुच्छेद 342 इस विषय पर मौन है। इसीलिए डीलिस्टिंग आंदोलन की मुख्य मांग अनुच्छेद 342 में अनुच्छेद 341 की तर्ज पर संशोधन की है। यह मांग हाल में नहीं उठी है। दिग्गज जनजातीय नेता कार्तिक उरांव ने पिछली सदी के सातवें दशक में ही यह पहल कर दी थी। अपने पत्रक 'बीस वर्ष की काली रात' में उरांव ने लिखा कि 'ईसाइयों को अल्पसंख्यक होने के आधार पर सुविधाएं मिलती हैं। एक ही समुदाय अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक दोनों की सुविधाएं ले, यह बहुत बुरी बात है और अनुसूचित जनजातियों के प्रति अन्याय है।' स्वतंत्रता के महज 20 वर्ष बाद ही उरांव को स्पष्ट दिख गया कि वैरियर एल्विन और यूएन ढेबर जैसे सलाहकारों के चलते जनजातीय हित रौंदे जा रहे हैं और ईसाई मतांतरण अंग्रेजी शासन के मुकाबले बहुत ज्यादा बढ़ गया है। उरांव की नजर में बढ़ते मतांतरण की बड़ी वजह ईसाई मतावलंबियों को जनजातीय कोटे का आरक्षण ही थी। यह उरांव के प्रयासों का ही परिणाम रहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति आदेश (संशोधन) विधेयक, 1967 के लिए एक संसदीय समिति गठित हुई, जिसने नवंबर 1969 में कहा, 'हर वह व्यक्ति जिसने ईसाई या इस्लाम धर्म अपनाया हो, उसे अनुसूचित जनजाति न माना जाए। हालांकि, बिल प्रस्तुत होने के तुरंत बाद ईसाई मिशनरी विशेषकर नगालैंड और मेघालय के मुख्यमंत्रियों ने दिल्ली आकर दबाव बनाया और इस बात को प्रस्तावित बिल से निकलवा दिया। लोकसभा भंग होने की वजह से वह संशोधन तो ठंडे बस्ते में चला गया, मगर गत 13 वर्षों से डीलिस्टिंग की मांग ने फिर जोर पकड़ा है। 2010 में डीलिस्टिंग के समर्थन में जनजातीय समाज द्वारा 28 लाख हस्ताक्षर तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल को सौंपे गए। 2022 तक 448 जिलाधिकारियों के जरिये इससे जुड़े ज्ञापन राष्ट्रपति तक पहुंचे। इस बीच डीलिस्टिंग के विरोध में ईसाई समुदाय की गोलबंदी भी शुरू हो गई है। डीलिस्टिंग की मांग मात्र आरक्षण की लड़ाई न होकर जनजातीय समाज की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान बनाए रखने का संघर्ष है। यह जनजातीय लोगों की उस धार्मिक पहचान को बनाए रखने की लड़ाई है, जिसे उरांव हिंदू धर्म का अग्रगामी बिंदु मानते थे। इस बहस का विचारणीय पहलू यह भी है कि जिन्होंने अपनी पुरातन संस्कृति, पूजा-पद्धति और रीति-रिवाज छोड़ दिए, वे जनजातियों में अपनी गणना कराकर विशेषाधिकारों का लाभ कैसे ले सकते हैं।

आधुनिक समाचार
हिन्दी दैनिक




## संक्षिप्त समाचार

### मां के सपने को पूरा करने छोड़ी नौकरी कर रहे हैं भारत भ्रमण

(आधुनिक समाचार सेवा)

**मैहर ।** मां का दुलारा कर्नाटक के दक्षिणमूर्ति पिता की दी हुई स्कूटर से 65 से 70 हजार किलोमीटर की यात्रा तय कर मां शारदा के धाम मैहर पहुंचे, वर्तमान में जहां लोग बूढ़े मां बाप वृद्ध आश्रम भेजने से भी नहीं कतरा रहे हैं ऐसे समय में कर्नाटक के मैसूर निवासी दक्षिणामूर्ति कृष्ण कुमार अपनी 73 वर्षीय बुजुर्ग मां को लेकर स्कूटर से भारत भ्रमण की यात्रा पर निकले हैं, दक्षिणामूर्ति बताते



हैं कि अब तक वह 65 से 70, हजार किलोमीटर का सफर तय कर चुके हैं महाराष्ट्र के नागपुर होते हुए आज दिन रविवार को मैहर पहुंचे, मां शारदा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया, तत्पश्चात चित्रकूट के लिए रवाना हुए भारत भ्रमण पर निकले कृष्णमूर्ति ने जानकारी देते हुए बताया कि, एक उद्योगपति ने उपहार स्वरूप उन्हें कार भेंट की थी लेकिन वह स्कूटर से ही अपने पूज्य माता जी को भारत की यात्रा करा रहे हैं कृष्णमूर्ति अपने पिता की दी हुई पहली भेंट स्कूटर से यात्रा पूरी कर रहे हैं उनका कहना है कि इससे उन्हें हमेशा पिता के साथ होने का एहसास प्राप्त होता है ।

### उत्तर भारत में बाय-बाय बारिश 35 डिग्री तक पहुंचेगा तापमान

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** दिल्ली, यूपी और उत्तराखंड समेत कई राज्यों में पिछले कुछ दिनों से झमाझम बारिश हो रही है। बारिश के कारण तापमान लुढ़क गया और मौसम सुहावना हो गया। हालांकि, अगले कुछ दिनों में मौसम यू टर्न लेने वाला है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले पांच दिनों में पूर्वी भारत के ज्यादातर हिस्से में तापमान बढ़ने वाला है। देश की राजधानी दिल्ली में आज मौसम साफ रहेगा। इसके अलावा अधिकतम तापमान में वृद्धि की संभावना है।

## सेक्टर 55 में कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्री मद् भागवत

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ सेक्टर 55 कम्युनिटी सेंटर में किया गया। श्रीमद् भागवत कथा प्रत्येक दिन शाम 4:00 से 8:00 तक होगी। श्रीमद् भागवत कलश 55 - 56 और स्थानीय निवासी द्वारा किया जा रहा है। भगवान के इस कार्यक्रम में आप सभी का आगमन प्रार्थनीय है आप सभी शहर वासियों का स्वागत करते हैं। आशा शर्मा, (महिला मंडल अध्यक्ष) भूषण



यात्रा में 501 माताओं, बहनों ने भाग लिया। बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई आसपास के काफी निवासियों ने भाग लिया। व्यास श्री महेश चंद्र शास्त्री जी बरसाने वाले के द्वारा कथा का अमृत पान कराया जा रहा है।श्रीमद् भागवत का आयोजन महिला मंडल सेक्टर 55 (रजिस्टर) आरडब्ल्यूए सेक्टर 55, श्री सनातन धर्म सभा सेक्टर शर्मा, कुलदीप शर्मा (सपा नेता), करण अनेजा, दिनेश बृजवासी,मनोज टंडन,श्रीकांत बंसल,सत्यनारायण गोयल (अध्यक्ष सनातन धर्म सभा),गजेंद्र बंसल (आरडब्ल्यूए अध्यक्ष) राजरानी अग्रवाल,विजय भारद्वाज, आर के शर्मा, सुभाष निझावन, दिनेश पचोरी काफी संख्या में सेक्टर के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री 5 अप्रैल को ब्यौहारी में तेंदूपत्ता लाभांश वितरण कार्यक्रम में होंगे शामिल



(आधुनिक समाचार सेवा)

**शहडोल।** कार्यक्रम की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करें पूर्ण- प्रभारी मंत्री प्रभारी मंत्री ने तैयारियों का किया समीक्षा शहडोल 02 अप्रैल 2023- प्रदेश शासन के राज्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ जनजाति कल्याण विभाग पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री श्री रामखेलावन पटेल ने ब्यौहारी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान शहडोल जिले के ब्योहारी में 5 अप्रैल 2023 को तेंदूपत्ता लाभांश वितरण एवं पेसा एक्ट कार्यक्रम में शामिल होंगे, जिसकी तैयारियों के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर लें। बैठक में प्रभारी मंत्री श्री रामखेलावन पटेल ने अधिकारियों को व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री को पुलिस अधीक्षक श्री कुमार प्रतीक ने सुरक्षा व्यवस्था तथा अपर कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा ने तैयारियों के संबंध में समुचित जानकारी दी। प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम की तैयारियों की अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान विधायक ब्यौहारी श्री शरद कोल, पुलिस अधीक्षक श्री कुमार प्रतीक, अपर कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ब्यौहारी श्री नरेंद्र सिंह धुर्वे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ब्यौहारी श्रीमती प्रेरणा सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा बार्षिक अधिवेशन आयोजित

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा द्वारा की गई गौतम बुद्ध नगर एवं बुलंदशहर के कोने-कोने से लोग भारी संख्या में वहां आए सभी ने समाज को एक करने पर जोर दिया और मांग की भगवान परशुराम जयंती पर राजपत्रित अवकाश घोषित हो ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का गठन हो



मुख्य अतिथि के रूप में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित गोपाल दत्त मौजूद रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में अलीगढ़ के सांसद सतीश गौतम पूर्व मंत्री और शिकारपुर से विधायक अनिल शर्मा गौतम बुध नगर के सांसद और पूर्व मंत्री डॉ महेश शर्मा की उपस्थिति सराहनीय रही। सम्मेलन में जनपद बुलंदशहर के ही नहीं गाजियाबाद गौतम बुध नगर हापुड़ सभी लोगों ने शिरकत इस मौके पर बंदना वशिष्ठ प्रदेश मंत्री ब्राह्मण महासभा बी डी शर्मा हापुड़ , मांगेराम शर्मा नगर अध्यक्ष दादरी ,जिला कोषाध्यक्ष अनिल शर्मा ब्राह्मणों पर होने वाले अत्याचार के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो यह प्रस्ताव पास किए गए यह भी प्रस्ताव पास किया गया कि अभी निकट भविष्य में जिस प्रकार जयपुर में एक विशाल ब्राह्मण सम्मेलन आयोजित हुआ था उसी तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी इसी प्रकार का सम्मेलन आयोजित करना है उसके लिए सहमति बनाएंगे कि वह कहां आयोजित हो जिला अध्यक्ष बुलंदशहर महेश भारद्वाज मैं अपने साथियों के साथ बहुत मेहनत की जिसके कारण अपार भीड़ वहां मौजूद रही।

## सेक्टर 82 पॉकेट 7 में 7 अप्रैल से श्रीराम कथा

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** सेक्टर 82 नोएडा स्थित ईडवल्यूएस पॉकेट 7 में पॉकेट वासियों के संयोजन में श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसका श्रीगणेश 7 अप्रैल दिन प्रारम्भ होगी और 15 अप्रैल को कथा का विश्राम होगा एवं 16 अप्रैल दिन रविवार को हवन यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन होगा। कथा प्रतिदिन सायं 4 बजे से 8 बजे तक होगी। मध्यप्रदेश श्री पंचायती महा निर्वाणी कर पुण्य लाभ अर्जित करें। रविवार को आयोजन समिति की बैठक हुई जिसमें कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक चर्चा हुई। इस अवसर पर रवि राघव, संजय पाण्डेय, अंगद सिंह तोमर, देवमणि शुक्ल, गोरे



शुक्रवार से होगा। आयोजन समिति के प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने बताया कि 7अप्रैल दिन शुक्रवार को प्रातः 9 बजे से कलश यात्रा सेक्टर 82 पॉकेट 7 के सेंट्रल पार्क स्थित कथा स्थल से धूमधाम से निकाली जाएगी । श्रीराम कथा 7 अप्रैल से अखाड़ा से पधारे कथा व्यास अनंत श्री विभूषित महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी पंचमानंद जी महाराज के श्रीमुख से भगवत्प्रेमी श्रोतागण अमृतमयी कथा का रसपान कर सकेंगे। सभी भगवत अनुरागी श्रोतागण अमृतमयी कथा का श्रवण लाल, रमेश चंद्र दास,संगम प्रसाद मिश्र, हंस मणि शुक्ल, राजेश कुमार गुप्ता, सतेन्द्र प्रताप सिंह, हरि शंकर सिंह अवनीश तिवारी, रमेश वर्मा, दीपक तिवारी, संजीव कुमार, संजीव सक्सेना सहित तमाम आयोजन समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## इष्ट फाउंडेशन ने महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए आयोजित की कार्यशाला

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** इष्ट फाउंडेशन द्वारा संचालित नोएडा स्थित निशुल्क शिक्षा केंद्रों पर रोशनी कुमारी के नेतृत्व में महिलाओं एवं बच्चियों



के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय रहा ठबेटियों के साथ बढ़ते दुष्कर्मों पर जागरूकताठ।। कार्यशाला के दौरान कानपुर से आई संस्था पॉवर ऑफ यूथ के संस्थापक विभाष बच्चियों को खुद के बचाव हेतु बरती जाने वाली सावधानियों से रूबरू कराया व घर से बाहर जाते समय अपने साथ रखने वाली चीजों के बारे मे बताया। इष्ट फाउंडेशन की लक्ष्मी कुमारी ने कहा कि आये दिन हम बच्चियों एवं महिलाओं के साथ हो रहे दुष्कर्मों की घटना सुनते रहते हैं लेकिन इसपर हम खुद आवाज़ कभी नहीं उठाते हैं तो समय है अब खुदके लिए आवाज़ उठाने का। इसी उद्देश्य के साथ हमारी टीम निरंतर बच्चियों को सशक्त करने में जुटि हुई है। डेविल विल कैयर से अर्पिता ने बच्चों को गुड टच, बैड टच के बीच अंतर बता उन्हें समाज में बढ़ती कुरीतियों के विषय में जागरूक किया।सकरात्मक ऊर्जा प्रदान करने वाली बात ये रही इस जागरूकता कार्यशाला में न केवल अधिक नारीशक्ति ने भाग लिया बल्कि पुरुषों की संख्या भी अधिक रही। इस मौके पर शेखर,सूरज, स्वाति, रुचिका, आरती, खुशी, सलोनी, सोनिया, सोनू, सुभाष आदि सदस्य मौजूद रहे।

## भगवान को प्राप्त करने की कोई उम्र नहीं होती - महेश चंद्र शास्त्री

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** सेक्टर 55 में चल रही श्रीमद् भागवत के दूसरे दिन की कथा में ध्रुव का चरित्र का वर्णन किया गया। कथा व्यास ने ध्रुव के चरित्र के बारे में बताते हुए कहा कि भगवान को प्राप्त करने की कोई उम्र नहीं होती है ध्रुव ने अपने मन में दृढ़ संकल्प कर लिया था कि मुझे भगवान को प्राप्त करना है और उसी संकल्प को ध्यान में रखते हुए वनवास में तपस्या करते हुए भगवान को प्राप्त किया। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन सेक्टर 55 में चल रहा है। श्रीमद् भागवत कथा 8 तारीख तक चलेगी। आसपास



के स्थानीय लोग और सेक्टर 55-56 के निवासी श्रीमद् भागवत कथा का रसपान प्राप्त कर रहे हैं। आशा शर्मा,भूषण शर्मा, कुलदीप शर्मा ,आरके शर्मा ,बी पी गौतम,वोडी शर्मा,केशव देव शर्मा, विजय भारद्वाज नीरज शर्मा करण अनेजा, दिनेश बृजवासी, दिनेश पचौरी, महक सिंह शर्मा,गजेंद्र बंसल,श्रीकांत बंसल, सुभाष निझावन,राजेश अग्रवाल, काफी संख्या में सेक्टर के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## इन्टर इन्स्टीट्यूट कल्चरल एन्ड मैनेजमेंट फैस्ट संकल्प 2023 का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** जीएल बजाज कॉलेज के पीजीडीएम विभाग में सातवें इंटर इंस्टीट्यूट कल्चरल एंड मैनेजमेंट फैस्ट संकल्प 2023 का भव्य आयोजन किया गया। फैस्ट में नृत्य, गायन, रंगोली, परीधान कर रहे हैं उनके प्रति आभारी रहें।कार्यक्रम में रोडीज और स्प्लिट्सविला फेम एवं फिल्म अभिनेता रणविजय सिंह सिंघा आकर्षण का केंद्र रहे। रणविजय अपने बीच पाकर सभी छात्र उत्साहित दिखायी दिये। यूथ टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। नुक्कड में आफ्ट दिल्ली ने पहला और जीएलबीआईएमआर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। गेमिंग में एआईटीएम ने पहला और जीएलबीआईएमआर ने दूसरा स्थान हासिल किया। डिबेट में एसवीसी दूसरा स्थान हासिल किया। अंत में सभी विजेताओं को सर्टिफिकेट और पुरस्कार राशी देकर सम्मानित किया गया। जीएल बजाज शिक्षण संस्थान के वाइस चेयरमैन डॉ0 पंकज अग्रवाल ने सभी वजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि हमारा




प्रदर्शन, नुक्कड नाटक, वाद विवाद प्रतियोगिता, मैनेजमेंट क्विज, फोटोग्राफी जैसी 19 विधाओं में दिल्ली एनसीआर के 45 कॉलेजों के 550 छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए निदेशक डॉ0 सपना राकेश ने विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि यह फैस्ट मुझे मेरे कॉलेज के पुराने दिनों में वापस ले गया है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे अपनी प्रतिभा को व्यक्त करने के लिए जो अवसर और मंच प्राप्त आइकन रणविजय ने छात्रों का मनोबल बढाते हुए जीवन के मूल्यों और वास्तविक सफलता के बारे में बताया। कहा कि एक आदमी सही अर्थों में तब सफल होता है जब वह अपने व्यस्त जीवन के होते हुए भी परिवार के लिए समय निकाल पाता है। आप सभी अपने परिवार के लिए समय जरूर निकाले जो सबसे महत्वपूर्ण है। मैनेजमेंट क्विज में आईएमएस नोएडा के दक्ष और रेहान ने प्रथम और एआईएमटी के साहू कौशिक एवं अंजलि की ने पहला और जीआईएमएस ग्रेटर नोएडा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग में आईआईएमटी ने जीत दर्ज की। बिजनिस पलान में एनआईयू के आयुष सिंह ने पहला और एसएलसी के शिवम शर्मा ने दूसरा प्राप्त किया। फोटोग्राफी में जीएलबीआईएम ने पहला और एसएफआई ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। एक्सटेम्पोर में एसवीसी ने पहला और एनआईयू ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। सार्क पूल में एसएलसी ने पहला और जिम्स ने उद्देश्य तकनीकी विज्ञान की शिक्षा के साथ-साथ अपने छात्रों को देश की महान संस्कृति की विधाओं से भी परिचित कराना है और इस प्रकार के आयोजनो से छात्रों का चहुंमुखी विकास होता है। इस दौरान संकल्प 23 के फैकल्टी को-ऑर्डिनेटर डॉ0 अरविंद कुमार भट्ट, डॉ0 शुचिता सिंह, डॉ0 सुनीता चौधरी, डॉ0 अमित कुमार और स्टूडेंट को-ऑर्डिनेटर के0 विनय, यामिनी, रूपम वैष्णवी, अविनाश सिंह और प्रिया मौजूद रहे।

## बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण मामले में जनपद सूबे में अव्वल

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।**बच्चों के संपूर्ण प्रतिरक्षण (टीकाकरण) के मामले में जनपद गौतमबुद्ध नगर ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जनपद गाजियाबाद को दूसरा स्थान मिला है, जबकि प्रदेश भर में मेरठ मंडल



प्रथम रहा है। दूसरा नंबर वाराणसी मंडल का जबकि तीसरे स्थान पर सहारनपुर मंडल रहा। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार शर्मा ने दी। डा. शर्मा ने बताया- स्वास्थ्य विभाग की ओर से बच्चों के नियमित टीकाकरण पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इसके लिए समय-समय पर शासन के निर्देश पर विशेष टीकाकरण अभियान भी चलाए जाते हैं। अभी हाल ही में तीन चरणों में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया गया था, जिसका समापन 24 मार्च को हुआ। उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. उबैद कुरैशी ने बताया- विशेष टीकाकरण अभियान के तीसरे चरण में जनपद में 93.33 प्रतिशत टीकाकरण हुआ। उन्होंने बताया बच्चों के संपूर्ण प्रतिरक्षण के मामले में प्रदेशभर में जनपद प्रथम रहा। यहां अप्रैल-2022 से फरवरी-2023 तक एफआईसी (फुल इम्यूनाइजेशन कवरेज) 132 प्रतिशत रही है। प्रदेशभर के मंडलों की रैंकिंग में मेरठ पहले स्थान पर रहा। उन्होंने कहा- मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में किये गये प्रयासों से टीकाकरण में यह उपबल्धि हासिल हुई है।डा. कुरैशी ने कहा-बच्चों का नियमित टीकाकरण बहुत जरूरी है। यह 12 जानलेवा बीमारियों से बच्चे को सुरक्षा प्रदान करता है। तपेदिक (टीबी), हेपेटाइटिस बी, पोलियो, गलघोंटू(डिप्थीरिया) काली खांसी (पर्टुसिस), टिटनेस, हेमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप बी संबंधी रोग(जीवाणु मेनिनजाइटिस, निमोनिया), रोटावायरस जनित डायरिया, न्यूमोकोकल रोग, खसरा (मीजल्स) रूबेला, जापानी इंसेफेलाइटिस जैसी 12 जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए नियमित



टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है। कहीं भी बच्चे को टीका लगवा सकते हैं। कब और कौन सा टीका लगेगा उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने राष्ट्रीय टीकाकरण सारणी के अनुसार बताया- बच्चे को कब कौन सा टीका लगेगा। जन्म के समय पहला टीका बीसीजी, बी-ओपीवी (जीरो डोज) हेपेटाइटिस बी (बर्थ डोज) छह हफ्ते (डेढ़ माह) दूसरा टीका- बी- ओपीबी 1, पेंटावैलेंट1, एफ-आईपीवी 1, आरवीवी1 और पीसीवी1 दस हफ्ते (ढाई माह) तीसरा टीका- ओपीबी 2, पेंटावैलेंट 2 और आरवीवी2 14 हफ्ते (साढ़े तीन माह) चौथा टीका- बी- ओपीबी1, पेंटावैलेंट 1, एफ- आईपीवी 3, आरवीवी 3 और पीसीवी 3 नौ से बारह माह पांचवां टीका- एमआर 1 पीसीवी बूस्टर और विटामिन ए की डोज1 16 से 24 माह (दो वर्ष) छठवां टीका-एमआर 2, टीपीटी बूस्टर 1और बी- ओपीवी बूस्टर पांच से छह वर्ष -सातवां टीका- डीपीटी बूस्टर 2 इसके अलावा दस व 16 साल की उम्र में टीडी का टीका लगाया जाता है। गर्भवती को टीडी (एक व दो और बूस्टर) डोज जरूर लगवानी चाहिये। जेई वैक्सीन सिर्फ चुने हुए क्षेत्रों में दी जाती है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में यह बीमारी नहीं है।


# रामनवमी पर प्रभास की 'आदिपुरुष' का नया पोस्टर रिलीज, लुक देख हक्के-बक्के रह गए लोग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** प्रभास ने एक बार फिर से अपनी कमर कस ली है। वह इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'आदिपुरुष' को लेकर लगातार चर्चा में हैं। इस मूवी में प्रभास के साथ-साथ कृति सेनन और सैफ अली खान मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।आदिपुरुष' के पोस्टर पहले भी रिलीज हो चुके हैं, लेकिन उसकी वजह से प्रभास और मेकर्स दोनों को ही सोशल मीडिया पर बुरी तरह से ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था। अब रामनवमी के इस पावन मौके पर प्रभास ने अपनी आगामी फिल्म 'आदिपुरुष' का नया पोस्टर रिलीज हुआ है, जिसे देखकर सोशल मीडिया पर यूजर्स हैरान रह गए हैं। रामनवमी पर सामने आया 'आदिपुरुष' का नया पोस्टर प्रभास ने कुछ समय पहले ही अपने इंस्टाग्राम पर अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म 'आदिपुरुष' का नया पोस्टर आउट किया है और फिल्म की रिलीज डेट भी बताई है। इस नए पोस्टर में प्रभास भगवान राम के रूप में नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही उनके पास एक तरफ माता सीता का किरदार निभा रहीं कृति सेनन खड़ीं हुई हैं, जो सिम्पल साड़ी और शॉल ओढ़ें नजर आ रही हैं।माथे पर बिंदी लगाए उनका ये लुक देखते ही बन रहा है। इसके अलावा उनकी दूसरी तरफ धनुष-बाण लिए लक्ष्मण का किरदार निभा रहे सनी सिंह भी इस लुक में बहुत ही जम रहे हैं। इस बिल्कुल नए पोस्टर में हनुमान भी हैं। प्रभास ने सुबह-सुबह इस पोस्टर को जारी करके अपने चाहने वालों को रामनवमी की बधाई दी। आते ही ये पोस्टर सोशल मीडिया पर छा गया है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए प्रभास ने कैप्शन में लिखा, 'मंत्रों से बढ़कर तेरा नाम, जय श्री राम'। इस पावन अवसर पर प्रभास की इस फिल्म के पोस्टर को देखने के बाद फैंस खुशी से झूम उठे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'जय श्रीराम'। दूसरे यूजर ने लिखा, 'रिकॉर्ड ब्लास्ट होगी ये फिल्म'। अन्य यूजर ने लिखा, 'ये बहुत ही अच्छा पोस्टर है, जिसमें लुक काफी अच्छा है और उसे पूरे सम्मान के साथ इसे पेश किया गया है'। हालांकि, एक यूजर्स का एक सेक्शन ऐसा भी है, जो प्रभास और मेकर्स को एक बार फिर से अपना निशाना बनाते हुए नजर आ रहे हैं। इस दिन सिनेमाघरों में रिलीज होगी फिल्म प्रभास-कृति सेनन स्टारर आदिपुरुष 16 जून 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'बाहुबली' और 'बाहुबली-2' जैसी फिल्मों के बाद इस अवतार में प्रभास को देखने का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म का निर्देशन ओम राउत ने किया है।



# क्या 'दृश्यम 2' जैसी कामयाबी दोहरा पाएगी अजय देवगन और तब्बू की जोड़ी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** साल 2023 की पहली तिमाही गुजरने को है, मगर बॉक्स ऑफिस का मिजाज किसी की समझ नहीं आ रहा। शाह रुख खान की फिल्म 'पठान' ने पांच सौ करोड़ से ज्यादा नेट कलेक्शन करके जो उम्मीद जगायी थीं, वो बाद में आयी फिल्मों ने धराशायी कर दीं। रणबीर कपूर की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' जरूर बॉक्स ऑफिस पर टिककर खेली, मगर उससे पहले और बाद में आयी फिल्मों ने निराश ही किया। तू झूठी मैं मक्कार 130 करोड़ से ज्यादा जमा कर चुकी है और फिल्म अभी भी रेस में बनी हुई है। फैंस ही नहीं ट्रेड की नजरें भी 'भोला' पर रानी मुखर्जी की 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे', कपिल शर्मा की 'ज्विगाटो' और राजकुमार राव की 'भीड़' बॉक्स ऑफिस पर विफल रहीं। अब गुरुवार (30 मार्च) को अजय देवगन की फिल्म 'भोला' सिनेमाघरों में रिलीज हो रही। 'तू झूठी मैं मक्कार' के बाद अब 'भोला' से बॉक्स ऑफिस पर चमत्कार की उम्मीद की जा रही है।'भोला' के ओपनिंग डे कलेक्शन का अनुमान लगाने के लिए अजय की उन फिल्मों का विश्लेषण करना होगा, जिनका उन्होंने निर्देशन भी किया है, क्योंकि 'भोला' के अजय निर्देशक भी हैं। दूसरा ऐसी फिल्में, जिनमें उन्होंने सिर्फ अभिनेता के तौर पर काम किया है। अजय के निर्देशन में बनी पिछली फिल्मों की बात करें तो 29 अप्रैल 2022 को आयी 'रनवे 34' ने 3.50 करोड़ की ओपनिंग ली थी। 2016 में 28 अक्टूबर को रिलीज हुई 'शिवाय' को 10.24 करोड़ की ओपनिंग मिली थी। वहीं, अजय की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म 'यू मी और हम' को 2.21 करोड़ की ओपनिंग मिली थी। अजय के निर्देशन में बनी सभी फिल्मों में सबसे सफल 'शिवाय' ही है, जो एक्शन-थ्रिलर थी। 'भोला' भी इसी जॉनर की फिल्म है और शिवाय की तरह फेस्टिवल पर आ रही है, ऐसे में छुट्टी का फायदा इस फिल्म को मिल सकता है। हालांकि, रमजान की वजह से फिल्म के दर्शक कम भी हो सकते हैं। अब, अजय की उन फिल्मों की बात करें, जो उन्होंने दूसरे निर्देशकों के साथ की हैं तो पिछले साल दिवाली के मौके पर आयी 'थैंक गॉड' को 8 करोड़ के आसपास की ओपनिंग मिली थी। वहीं, 'दृश्यम 2' ने 15 करोड़ के आसपास ओपनिंग ली थी।उससे पहले 2020 में आयी 'तान्हाजी- द अनसंग वॉरियर' को भी 15 करोड़ से अधिक की ओपनिंग मिली थी। यह फिल्म भी एक्शन से भरपूर थी। अजय की सबसे बड़ी ओपनिंग 'गोलमाल अगेन' की है। 2017 में आयी फिल्म को पहले दिन 30 करोड़ मिले थे। इस लिहाज से देखें तो 'भोला' को 10-12 करोड़ की कमाई करने की उम्मीद जतायी जा रही है। अजय देवगन की फिल्म 2डी, 3डी और आइमैक्स फॉर्मेट्स में रिलीज हो रही है। इसे यूए सर्टिफिकेट मिला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म 3-4 हजार स्क्रींस पर उतारी जाएगी। 'भोला' के सामने वैसे तो तो चुनौती नहीं है। मगर, तेलुगु फिल्म 'दसरा' रास्ता मुश्किल कर सकती है। नानी अभिनीत यह फिल्म हिंदी में भी रिलीज की जा रही है। इसकी 'पुष्पा' जैसी रॉ और रस्टिक अपील सिंगल स्क्रीन दर्शकों को प्रभावित कर सकती है। अगर ऐसा हुआ तो 'भोला' की चुनौती बढ़ जाएगी।



# रणवीर सिंह बने इस स्पोर्ट्स चैनल के 'सूत्रधार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** खेल और बॉलीवुड सेलेब्रिटीज का रिश्ता काफी गहरा है। यह रिश्ता कभी किसी मैच तो कभी किसी अफेयर के जरिए सामने आता रहता है। बॉलीवुड सेलेब्रिटीज खेलों से जुड़ने का कोई मौका नहीं छोड़ते। अब आइपीएल 2023 से पहले रणवीर सिंह को खेलों से जुड़ने का बड़ा मौका मिला है। रणवीर को स्टार स्पोर्ट्स चैनल ने अपना ब्रांड एम्बेस्डर नियुक्त किया है। रणवीर इनक्रेडिबल लीग के इस सीजन में 'सूत्रधार' की भूमिका निभाएंगे। रणवीर, लीग से जुड़े दिलचस्प किस्से सुनाएंगे। साथ ही लीग के वर्तमान और भविष्य को लेकर भी बातें करेंगे। सूत्रधार का सफर 31 मार्च से 2 अप्रैल के वीकेंड से शुरू हो जोगा, जिसमें रणवीर टूर्नामेंट के 16वें एडिशन से जुड़ी कुछ खास बातें बताएंगी। इस एसोसिएशन को लेकर रणवीर ने कहा कि खेलों का शौकीन होने की वजह से इस ब्रांड से जुड़ना उनके लिए एक खास अनुभव है। स्टार स्पोर्ट्स पर वर्ल्ड स्पोर्ट्स के कुछ शानदार लम्हे देखते हुए हम बड़े हुए हैं। इस अद्भुत यात्रा का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। डिज्नी स्टार के स्पोर्ट्स हेड संजोग गुप्ता का कहना है कि उनके साथ जुड़कर हम उन दर्शकों तक पहुंचना चाहते हैं, जो अभी तक अपने भीतर छुपी खेलों की दीवानगी और उसके जुनून से अनजान हैं। इसमें वो लाखों दर्शक शामिल हैं, जो क्रिकेट नहीं देखते या नियमित तौर पर क्रिकेट से नहीं जुड़े हैं। रणवीर के साथ हमारी कोशिश यही है कि उनकी लोकप्रियता और कहानी कहने के उनके प्रभावशाली अंदाज के जरिए हम खेलों में भी वही जादू जगा सकें।



# ऐश्वर्या राय और मणिरत्नम की उपस्थिति में हुआ पीएस 2 का ट्रेलर लॉन्च

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ऐश्वर्या राय बच्चन की बहुप्रतीक्षित फिल्म झ्ए2 का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। इसके पहले एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें ऐश्वर्या राय बच्चन के अलावा मणिरत्नम ने भी भाग लिया। इस अवसर पर ऐश्वर्या राय बच्चन मनिरत्नम के पैर छूते नजर आई। वहीं, उन्होंने मणिरत्नम की पत्नी सुहासिनी को गले लगाया। पोन्नीइन सेल्वन 2 फिल्म 28 अप्रैल को रिलीज हो रही है। ऐश्वर्या राय बच्चन काफी खूबसूरत लग रही थी। इस फिल्म में वह दोहरी भूमिका में है। इसके पहले चेन्नई के नेहरू इंडोर स्टेडियम में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया गया है। गौरतलब है कि फिल्म के पहले भाग को काफी पसंद किया गया था। यह 2022 में रिलीज हुई थी। अब का ट्रेलर जारी किया जा रहा है। ऐश्वर्या राय बच्चन ने इस अवसर पर खूबसूरत पिंक और गोल्डन कलर की ड्रेस पहन रखी है। पोन्नीइन सेल्वन 2 फिल्म 28 अप्रैल को रिलीज हो रही है। ऐश्वर्या राय बच्चन काफी खूबसूरत लग रही थी। इस फिल्म में वह दोहरी भूमिका में है। इसके पहले चेन्नई के नेहरू इंडोर स्टेडियम में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया गया है। गौरतलब है कि फिल्म के पहले भाग को काफी पसंद किया गया था। यह 2022 में रिलीज हुई थी। अब का ट्रेलर जारी किया जा रहा है। ऐश्वर्या राय बच्चन ने इस अवसर पर खूबसूरत पिंक और गोल्डन कलर की ड्रेस पहन रखी है। ऐश्वर्या राय ने मनिरत्नम के साथ पहले भी काम किया है। उनका अंदाज फैंस को काफी पसंद आता है। दोनों एक-दूसरे के साथ काम करना भी पसंद करते है। दोनों की जोड़ी भी काफी फेमस है। ऐश्वर्या राय बॉलीवुड के अलावा साऊथ की फिल्म इंडस्ट्री में भी काफी फेमस है। वह कई कलाकारों के साथ काम कर चुकी है। वह बॉलीवुड की फिल्मों म भी जल्द नजर आनेवाली है। वह हाल ही में फिल्म फन्ने खान में नजर आई थी।



# पुष्पा में आइटम डांस के लिए सामंथा का परिवार नहीं था राजी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** साउथ के साथ बॉलीवुड में भी अपनी क्यूटनेस और एक्टिंग से फैंस के दिलों में राज करने वाली सामंथा इन दिनों फिल्म शकुंतलम के प्रमोशन में बिजी हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में इसे लेकर एक इंटरव्यू दिया। जिसमें उन्होंने कई राज खोले। एक्ट्रेस ने फिल्म पुष्पा के लिए आइटम सॉन्ग करने से मना करने का कारण भी बताया। साथ ही उन्होंने अपने तलाक पर भी कई बातें शेयर कीं। सामंथा ने मिस मालिनी को दिए इंटरव्यू में बताया, 'जब मुझे 'ओ अंटवा' ऑफर हुई थी, उस वक्त मेरा तलाक होने वाला था। ऑफिशियल अनाउंसमेंट के बाद लोगों ने मुझसे कहा कि आइटम सॉन्ग मत करो। यहां तक कि जो मेरे सबसे करीबी दोस्त थे, जो हमेशा मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते थे। उन्होंने भी मुझे बैकआउट करने को कहा।' सामंथा ने आगे कहा, 'मैंने सोचा कि क्या मैंने कोई अपराध किया है मैं क्यों छिपकर रहूं। मैंने कुछ भी गलत नहीं किया था। मैं इस बात का इंतजार नहीं कर सकती थी कि लोग मुझसे नफरत करें, मेरी ट्रोलिंग करें और मैं थक हार कर घर में बैठ जाऊं। मैं छिपने वाली नहीं थी, क्योंकि मैंने कोई अपराध नहीं किया था। सामंथा ने अपनी शादी पर बात करते हुए आगे कहा, 'मैंने शादी को अपना 100झ् दिया। अब वो नहीं चली इसमें मेरा कोई कसूर नहीं है। मैं अपने आप को दोष नहीं दे सकती थी और न ही गिल्ट महसूस कर सकती थी।



# मनीषा कोइराला का दावा- रजनीकांत की 'बाबा' फ्लॉप होने के चलते साउथ में हुआ करियर का अंत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फिल्म एक्ट्रेस मनीषा कोइराला ने एक इंटरव्यू में कहा है कि रजनीकांत की तमिल फिल्म बाबा बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी। इसके बाद उन्हें दक्षिण से ऑफर आने बंद हो गए थे। हालांकि, जब इस फिल्म को दोबारा रिलीज किया गया तो यह हिट साबित हुई। बाबा फिल्म को दिसंबर 2022 में दोबारा से रिलीज किया गया था। मनीषा कोइराला बॉम्बे, इंडियन और मुधालवन जैसी कई फिल्मों में काम किया था। यह फिल्म काफी पसंद की गई थी। बाबा 2002 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म फ्लॉप हो गई थी। इसके चलते दक्षिण भारत में उनका करियर लगभग समाप्त हो गया था। मनीषा कोइराला ने इंडिया ओ2 को इंटरव्यू दिया है। उन्होंने अपने करियर के बारे में बात की है। उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार उनका करियर प्रभावित हुआ था। ट्विटर पर मनीषा कोइराला के इंटरव्यू की एक क्लिप वायरल हो रही हैं। इसमें बाबा के फ्लॉप होने पर पड़े उनके करियर के प्रभाव के बारे में सुना जा सकता है। वीडियो में मनीषा कोइराला कहती नजर आ रही हैं, 'बाबा मेरी तमिल फिल्म इंडस्ट्री में आखिरी बड़ी फिल्म थी। यह उन दिनों इतनी बुरी तरह फ्लॉप हुई कि यह डिजास्टर साबित हुई। इस फिल्म से लोगों को बहुत ज्यादा अपेक्षाएं थी और जब फिल्म फ्लॉप हुई तो मुझे लगता है दक्षिण की फिल्मों से मेरा करियर भी लगभग समाप्त हो गया।' मनीषा कोइराला ने यह भी कहा कि बाबा के पहले उन्होंने दक्षिण की कई फिल्मों में काम किया है। वह आगे कहती हैं, 'बाबा के फ्लॉप होने के बाद मुझे ऑफर मिलना बंद हो गया। उन्होंने यह भी कहा कि जब रजनीकांत के जन्मदिन पर इस फिल्म को दोबारा रिलीज किया गया, तब बॉक्स ऑफिस पर इसने अच्छी कमाई की। गौरतलब है कि बाबा में रजनीकांत की अहम भूमिका थी। फिल्म को 20 वर्षों के बाद दोबारा भी रिलीज किया गया था। इस बारे में बताते हुए मनीषा कोइराला कहती हैं, 'बड़ी विचित्र बात है। जब फिल्म को हाल ही में दोबारा भी रिलीज किया गया, तब यह फिल्म हिट साबित हुई है। रजनी सर कभी भी फ्लॉप देने के लिए नहीं जाने जाते। उनके साथ काम करने में मजा आता है।



# अर्जुन कपूर की बहन ने पार की बोल्डनेस की सारी हदें, तस्वीरें देख लोगों ने कहा- मलाइका से भी एक कदम आगे निकली

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर की बहन अंशुला कपूर इन दिनों लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। अंशुला बीते कुछ वक्त से अपने ब्वॉयफ्रेंड रोहन ठक्कर को डेट करने को लेकर खबरों में छाई हैं। अंशुला, रोहन संग इस वक्त मालदीव में क्वालिटी टाइम बिता रही हैं। मालदीव से अंशुला ब्वॉयफ्रेंड संग रोमांटिक तस्वीरें शेयर कर रही हैं। इसी बीच अंशुला का बोल्ड फोटोशूट तेजी से वायरल हो रहा है अर्जुन कपूर की बहन अंशुला ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में अंशुला का सुपर बोल्ड अवतार देखने को मिल रहा है। फोटोज में आप देख सकते हैं कि अंशुला ने ब्लैक कलर की ऑफ शोल्डर बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है। इस ड्रेस को पहन कर वह जमीन में बैठकर हॉट पोज देती दिख रही हैं। तस्वीरों में अंशुला के एक्सप्रेशन काफी बोल्ड हैं। ऐसा लग रहा है जैसे वह अपनी आखों के जरिए बहुत कुछ कहना चाहती हैं। अंशुला कपूर ने अपनी इन तस्वीरों के साथ एक खास कैप्शन लिखा है। वो लिखती हैं, 'अपने शरीर से प्यार करने और उस पर के लिए काम करने वाली सभी लड़कियों के लिए जोर से आवाज उठाएं, क्योंकि यह मुश्किल है और मुझे आप पर गर्व है।' बता दें कि अंशुला की फैट टू फिट जर्नी काफी मुश्किलों भरी रही है। एक वक्त उनका वजन काफी ज्यादा था, लेनिक उन्होंने अपनी कड़ी मेहतन से आज खुद को फिट और हॉट बनाया है। अंशुला की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन पर फैंस कमेंट कर अलग-अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इस पर कमेंट कर कई यूजर्स उनके कर्ली बालों की तारीफ कर रहे हैं। वहीं, कई उनकी हॉटनेस पर फिदा हो रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट कर उनकी तुलना अर्जुन कपूर की गर्लफ्रेंड मलाइका अरोड़ा से करते हुए कहा कि आप बोल्डनेस में उनसे एक कदम आगे निकलीं।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

**नोटः-** इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।